रोहतक
गुरुवार, 13 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 137
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.5
न्यून. 26.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## चन्द्रबाबू नायडु ने चौथी बार संभाली आंध्रप्रदेश की कमान

**अमरावती (भाषा)।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। नई सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के 3 और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है। राज्यपाल अब्दुल नजीर ने विजयवाड़ा में केसरपल्ली आईटी पार्क में सीएम और मंत्रियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत राजग के मंत्री और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू को गले लगाकर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की।

**पवन कल्याण बने उपमुख्यमंत्री**
■
**टीडीपी से 20, जनसेना से 3 और भाजपा से 1 मंत्री ने ली शपथ**
■
**शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी भी हुए शामिल**

---

**सरकार का अहम फैसला**

**अधिसूचना जारी, अब तक प्रदेश में 2.45 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके**

# प्रदेश में विवाह पंजीकरण आसान, शहरों में 5 अथॉरिटी गांवों में बीडीपीओ और ग्राम सचिव को मिले अधिकार

## पीपीपी में तालमेल बनेगा, विसंगतियां दूर होंगी, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव कर दिया है। सरकार ने गांवों में सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार की पावर दे दी है। सरकार ने इसको लेकर बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर समिति, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। लोग अब अपने विवाह को घर के नजदीक अधिकारियों के माध्यम से सरकारी कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। नागरिक संसाधन सूचना विभाग के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**गांव में इन्हें अधिकार**
खंड विकास पंचायत अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और ग्राम सचिव

**शहरों में इन्हें अधिकार**
संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर समिति, तहसीलदार और नायह तहसीलदार



**इसलिए फैसला :** अभी अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी के पास परिवार पहचान पत्र डेटाबेस में डेटा निर्माण व अपडेट संबंधित जिम्मेदारियां हैं। विवाह पोर्टल को परिवार पहचान पत्र डेटा बेस के साथ जोड़ा है। विवाह पंजीकरण के लिए एडीसी सह डीसीआरआईओ पीपीपी-डीबी को जिला रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। इन ऑफिसर्स को ही प्रथम अपीलकर्ता प्राधिकारी की जिम्मेदारी दी है। इससे जिला स्तर पर विवाह पंजीकरण व परिवार पहचान पत्र में तालमेल बन पाएगा, जिससे नागरिक को फैमिली आईडी के साथ-साथ विवाह पंजीकरण संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान हो पाएगा। विवाह पंजीकरण पोर्टल https://shaadi.edisha.gov.in/ पर अब तक 2.45 लाख से अधिक शादियां पंजीकृत की जा चुकी हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### डोडा में आर्मी चेकपोस्ट पर हमला, कठुआ में जवान शहीद, 2 आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा और कठुआ में आतंकियों व सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। छोडा में आतंकियों ने आर्मी की चेकपोस्ट पर हमला कर दिया। इस हमले में सेना के पांच जवान घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/ जैश) ने ली है। वहीं, कठुआ में एक गांव में छिपे दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में मार गिराया। मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हो गया। वहीं पांच जवान घायल हुए हैं। *(पेज 8 भी देखें)*

### खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75% पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही। *(पेज 4 भी देखें)*

---

### हादसे के वक्त इमारत में 195 लोग थे, इनमें ज्यादातर भारतीय

# कुवैत में आग से 42 भारतीयों समेत 49 की मौत, 50 झुलसे

**दुबई (भाषा/एजेंसी)।** कुवैत के अहमदी प्रांत के मंगफ ब्लॉक में बुधवार को एक छह मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 42 भारतीयों समेत 49 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले बाकी पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्त्र और नेपाल के नागरिक थे। हादसे में 30 भारतीयों समेत 50 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। बताया जा रहा है कि मरने वालों में अधिकतर तमिलनाडु, केरल और उत्तर प्रदेश निवासी हैं। ये सभी यहां मजदूरी करते थे। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के वक्त इमारत में 195 लोग थे। आईसीयू में रखे गए 35 में से सात भारतीयों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि बुधवार को सुबह ग्राउंड फ्लोर के किचन में लगी आग तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। कई लोग इमारत के अंदर ही फंसे रह गए। अधिकारियों का कहना है कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण हुई। छह मंजिला इमारत में काफी तंग रास्ता था। इस इमारत में कुल 195 मजदूर रहते थे।



**30** भारतीय गंभीर रूप से झुलसे
**07** की हालत बेहद गंभीर बनी हुई
**4.30** बजे सुबह रसोई में लगी आग

कुवैत के गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाने इमारत के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।
■
कुवैत की कुल आबादी में 21 प्रतिशत (10 लाख) भारतीय हैं। कुवैत के कुल वर्कफोर्स में भारतीयों की हिस्सेदारी 30% (यानि 9 लाख) है।

#### पीएम मोदी ने जताया दुःख

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर कहा कि कुवैत में आग लगने की घटना दुःखदायी है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। पीएम मोदी ने इस घटना को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विनय कवात्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर घटना की समीक्षा की। मृतकों के परिजनों को पीएम राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की मदद का भी ऐलान किया।

#### भारतीय राजदूत मौके पर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, कुवैत में हुए हादसे से स्तब्ध हूं। वहां 41 लोगों की मौत हुई है। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। भारतीय राजदूत आदर्श स्वाइका ने मौके पर पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है।

#### बिल्डिंग मालिक मलयाली

बिल्डिंग में रहने वाले भारतीय केरल, यूपी व तमिलनाडु के थे। इमारत के मालिक मलयाली व्यापारी केजी अब्राहम हैं। अब्राहम केरल के तिरुवल्ला के व्यवसायी हैं। वे केजीए समूह के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। यह कंपनी 1977 से कुवैत के ऑयल एंड इंडस्ट्रीज का हिस्सा है।

---

**दिल्ली जलसंकट**

### आप सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फिर फटकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार को फिर फटकार लगाते हुए कड़ी नाराजगी जताई। शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते।

पूछा, लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ क्या कार्रवाई की

टैंकर माफिया के खिलाफ एक्शन लें, वरना हम पुलिस को कहेंगे

पानी की बर्बादी रोकने के लिए क्या कदम उठाए, जवाब दें

---

### ओडिशा में भाजपा की पहली सरकार, 15वें सीएम बने माझी

**भुवनेश्वर (भाषा)।** आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ ग्रहण समारोह मेंनमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम, हरियाणा, गोवा और उत्तराखंड के सीएम भी मौजूद थे।



**केवी सिंहदेव और परिदा उपमुख्यमंत्री बने**
■
**पीएम मोदी समेत कई बड़े नेता शामिल हुए**

### पेमा खांडू फिर बनेंगे अरुणाचल के मुख्यमंत्री, आज लेंगे शपथ



भाजपा विधायक दल की बैठक में फैसला

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू लगातार तीसरी मुख्यमंत्री बनेंगे। बुधवार को राजधानी ईटानगर में हुई बैठक में खांडू को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक में भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक रवि शंकर प्रसाद और तरुण चुघ शामिल हुए। खांडू अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ गुरुवार को शपथ ले सकते हैं। खांडू सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल केटी परनायक से मिलेंगे। विधानसभा में भाजपा ने राज्य की 60 में से 46 सीटें जीती हैं।

---

**सोनीपत की पैकेजिंग फैक्टरी में हादसा, एक युवक बाल-बाल बचा**

## सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो सगे भाइयों की मौत

### फैक्टरी मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव बाजीदपुर सबौली के पास स्थित नॉर्थ प्वाइंट पैकेजिंग फैक्टरी में सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आए दो भाइयों की जहरीली गैस से मौत हो गई। उनके गांव का तीसरा युवक बाल बाल बचा। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गांव गडौरा निवासी सन्नी ने बताया कि वह तथा उनके गांव के सगे भाई संजय (27) व अंकुश (22) प्याऊ मनियारी में रहते थे। तीनों मजूदरी करते थे। मंगलवार शाम को उन्हें नॉर्थ प्वाइंट पैकेजिंग फैक्टरी में सेप्टिक टैंक की सफाई को बुलाया गया था। सफाई के दौरान संजय व उसका छोटा भाई अंकुश सेप्टिक टैंक में उतर गए। अंदर जाते ही उनकी हालत बिगड़ गई। जहरीली गैस के कारण दोनों बेसुध होकर टैंक में ही गिर गए। दोनों को निकालकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुंडली थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और सन्नी के बयान पर फैक्टरी मालिक हर्षित अग्रवाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



**परिजनों का रो रोकर बुरा हाल**

हादसे में दो सगे भाइयों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। संजय की मौत से उनके दो बेटों आदित्य व अनुराग के सिर से सदा के लिए पिता का साया उठ गया है। अंकुश की पत्नी चार माह की गर्भवती है।

---

## संसद का सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक चलेगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा, जिसमें नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। पहले 3 दिन नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे व सदन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। सत्र तीन जुलाई को संपन्न होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और 5 वर्ष के लिए सरकार का एजेंडा पेश करेंगी।

18वीं लोकभा के नवनिर्वाचित सांसदों को दिलाई जाएगी शपथ

#### राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से

रीजीजू ने 'एक्स' पर कहा, '18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से तीन जुलाई तक नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, अध्यक्ष के चुनाव, राष्ट्रपति के अभिभाषण और उस पर चर्चा के लिए बुलाया है। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से तीन जुलाई तक चलेगा।

#### मोदी 27 को देंगे मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय

पीएम मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आक्रामक विपक्ष राजग को घेरने की कोशिश करेगा।

---

**गड़बड़ी** नीट परीक्षा में 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क देने का मामला

**अभी एनटीए की समिति ही कर रही है जांच**

## रिटायर्ड जजों की समिति करे नीट रिजल्ट की जांच, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 के परिणामों में हुई गड़बड़ी की जांच सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों की समिति से करवाने की मांग को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में नई याचिका दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि 4 जून को जारी हुए नीट-यूजी परीक्षा के रिजल्ट में 1563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं। यह गलत परंपरा है। इसके विरोध में 10 जून को याचिका दायर की गई थी। इसके बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के डायरेक्टर जनरल सुबोध कुमार सिंह ने मामले की जांच के लिए पैनल गठित किया था। अभी एनटीए की 4 सदस्यीय कमेटी मामले की जांच कर रही है।

- **दिल्ली हाईकोर्ट ने भी एनटीए को जारी किया नोटिस**
- **पेपर लीक नहीं, अनुचित साधन के 63 केस : एनटीए**

#### नतीजों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट बृहस्पतिवार को तीन याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जो मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा 'नीट-पीजी 2024' से संबंधित हैं। एक याचिका शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी 'फीजिक्स वाला' ने दायर की है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ नीट-यूजी के आयोजन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। 'फीजिक्स वाला' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने एनटीए द्वारा 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को मनमाने तरीके से कृपांक दिए जाने के खिलाफ अदालत का रुख किया है। न्यायालय ने अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और जे. कार्तिक द्वारा दायर दो याचिकाओं को भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

#### मनमाने तरीके से ग्रेस अंक देने का आरोप

दिल्ली हाईकोर्ट ने नीट-यूजी एग्जाम में ग्रेस मार्क्स देने और कथित पेपर लीक की 4 नई याचिकाओं पर सुनवाई की। अदालत ने इस संबंध में एनटीए को नोटिस जारी किया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने ये फैसला दिया। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को रोस्टर बेंच के सामने होगी। 4 कैंडिडेट्स आदर्श राज गुप्ता, केया आजाद, मोहम्मद फिरोज और अनवेद्य वी ने अदालत में याचिका दायर कर एनटीए पर आरोप लगाया था कि रिजल्ट में मनमाने तरीके से ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं।

---

### दबाव के लिए एलओसी जारी नहीं कर सकते बैंक

**नई दिल्ली(भाषा)।** दिल्ली उच्च हाईकोर्ट ने कहा कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता। अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।




## खबर संक्षेप

### परीक्षा के अंक 24 तक कर सकते हैं अपलोड

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय/अराजकीय विद्यालयों/गुरुकुलों/विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 9वीं व 11 वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा अंक 24 जून, 2024 तक अपलोड कर सकते है। यह जानकारी बोर्ड अध्यक्ष डॉ, वीपीयादव ने दी है।

### सरकार किसानों के जीवन को आसान बनाने को दृढ़

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ( किसान मोर्चा) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखविंद्र मांढी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में किसानों तथा कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करना है।

### सभी जिलों में 21 को योग दिवस पर कार्यक्रम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान, आयुष मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा 21 जून, 2024 को होने वाले दसवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### मनोहरलाल प्रदेश के लाखों बेघरों को मकान दें

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर को अब ऊर्जा और शहरी विकास मंत्रालय मिला है। मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा का मुख्यमंत्री रहते हुए केंद्र सरकार से 40 हजार बेघरों को मकान देने की मांग की, परंतु लगातार तीन साल से केन्द्र सरकार ने इस मांग को रिजेक्ट किया। न तो हरियाणा सरकार ने और न केन्द्र सरकार ने गरीबों को मकान दिया।



### भाजपा ने बिजली के मुद्दे पर कोई काम नहीं किया

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर बिजली के मुद्दे पर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम खट्टर को केंद्र में ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। पिछले साढ़े नौ साल तो उन्होंने हरियाणा में कुछ नहीं किया। पिछले 10 साल में बीजेपी ने हरियाणा में बिजली के मुद्दे पर कोई काम नहीं किया। हरियाणा में हर साल मार्च से लेकर अक्टूबर तक बिजली की जबरदस्त किल्लत रहती है। न गांव में बिजली है न शहरों में और खेतों का हाल तो सबको पता है।



## खेल नर्सरियों में निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा: खेल राज्य मंत्री

# प्रदेश में खुलेंगी 976 खेल नर्सरी, सीएम की मिली मंजूरी

*196 सरकारी स्कूलों में 115 ग्राम पंचायतों को, 278 निजी संस्थानों और 387 निजी स्कूलों को खेल नर्सरियां की गई आवंटित*

- हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास कर रही
- ये नर्सरियां प्रदेश के सभी जिलों में आवंटित की गई हैं, जिनमें 28 खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों को पारंगत बनाया जाएगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा में 976 खेल नर्सरियों को मंजूरी प्रदान की है। उक्त नर्सरियों में से 196 खेल नर्सरियां सरकारी स्कूलों को दी गई हैं। इसी तरह से 115 खेल नर्सरियां ग्राम पंचायतों को, 278 खेल नर्सरियां निजी संस्थानों और 387 खेल नर्सरियां निजी स्कूलों को आवंटित की गई हैं। ये नर्सरियां प्रदेश के सभी जिलों में आवंटित की गई हैं, जिनमें 28 विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों को पारंगत बनाया जाएगा। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश में खेल नर्सरी खोलकर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पंचकूला ने खेलो इंडिया-यूथ गेम्स के सफल आयोजन के बाद हरियाणा में एक नई खेल संस्कृति का उदय हुआ है। खेल विभाग सरकारी व निजी स्कूलों में तो खेल नर्सरी की मंजूरी प्रदान करता आ रहा है अब निजी संस्थान और औद्योगिक घराने भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए आगे आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी योजना के तहत इच्छुक स्कूलों/संस्थानों को खेल नर्सरी के आवंटन के लिए सरकार हर साल आवेदन आमंत्रित करती है। इसके लिए आवेदक के पास बुनियादी आवश्यकता यानि कोच की उपलब्धता हो, खिलाड़ियों के लिए अपेक्षित खेल का मैदान हो और अधिकतम 25 खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था होती है। आवेदनों की जांच जिला खेल अधिकारियों द्वारा आवेदकों के परिसर में जाकर की जाती है और उसके बाद आवेदकों को ये खेल नर्सरी प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 तक राज्य सरकार ने 1100 खेल नर्सरी आवंटित की थी, अब वित्त वर्ष 2024-25 से यह संख्या बढ़ाकर 1500 कर दी गई है। इनमें से लगभग 500 खेल नर्सरी पहले से ही सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। खेल नर्सरियों से खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा।

**ये खेल नर्सरियां की गई आवंटित**

प्रदेश में आर्चरी की 14, एथलेटिक्स की 93, बैडमिंटन की 15, बेसबाल की 6, बास्केटबॉल की 47, बॉक्सिंग की 65, कनोइंग की 3, साइकिलिंग की 5, फैंसिंग की 12, फुटबॉल की 70 खेल नर्सरियां आवंटित की गई हैं। इसी तरह से जिम्नास्टिक की 7, हैंडबॉल की 74, हॉकी की 44, जूडो की 18, कबड्डी की 138, कराटे की 7, लॉन टेनिस की 3, रोइंग की 2, शूटिंग की 33, साफ्टबाल की 3, स्विमिंग की 12, टेबल टेनिस की 11, ताइक्वांडो की 15, वालीबॉल की 95, वेटलिफ्टिंग की 149, वुशू की 18 खेल नर्सरियां आवंटित की गई हैं।

## मुख्य सचिव ने ग्रुप-सी और डी के रिक्त पदों की जानकारी मांगी

- सभी विभागों के खाली पदों को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवी एसएन प्रसाद ने सभी विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभागों या संगठनों में ग्रुप-सी और डी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के समक्ष मांग अपलोड व प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा बुधवार को यहां जारी एक पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ग्रुप-सी के वे पद, जिनके लिए मांग पहले ही आयोग को भेजी जा चुकी है और वर्तमान में आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 03/2023 (केवल ग्रुप-सी) 7 मार्च, 2023 के तहत भर्ती की प्रक्रिया में हैं, उनके लिए मांग भेजने की आवश्यकता नहीं है। सभी विभागों, बोर्डों और निगमों को ऐसे पदों, जो वर्तमान में भर्ती के अधीन हैं, को रिक्त नहीं मानना चाहिए और उन्हें अपलोड की जाने वाली नई मांग में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विभाग, बोर्ड या निगम के मुखिया द्वारा यह मांग तैयार करके इसे हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इस उद्देश्य के लिए बनाए गए पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## आतिथ्य सुविधाओं के लिए लागू होगा स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम

- सड़क के साथ अपशिष्ट निपटान के निर्माण के लिए होगा टास्क फोर्स का गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने आतिथ्य सुविधाओं के लिए स्वैच्छिक आधार पर स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया है। यह प्रणाली उन्हें "सुरक्षित तौर पर प्रबंधित स्वच्छता" को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं का पालन करने और स्टार-रेटिंग प्रणाली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। प्रसाद ने यह जानकारी आज यहां आतिथ्य सुविधाओं में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग पर आयोजित पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। प्रणाली आतिथ्य सुविधाओं के संचालकों को पर्याप्त बुनियादी ढांचा विकसित करने, अच्छी प्रथाओं को अपनाने और जिम्मेदार पर्यटन के हिस्से के तौर जागरूकता पैदा करने में मदद करेगी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में विभिन्न स्थानों में सभी लाइट्स और केबल्स का रखरखाव + 3 कार्य। | 10.06.2024 19.06.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26662/I/88/6 दि. 12.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | विभिन्न कार्यों के ऑनलाइन पंजीकरण और डेटा प्रोसैसिंग हेतु। | 10.06.2024 18.06.2024 | 80 लाख | http://www.bseh.org.in | 8168476169 asmm@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26671/I/88/6 दि. 12.06.24


## बीजेपी ने स्वीकारी प्रॉपर्टी आईडी व फैमिली आईडी की खामियां: हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा की चुनावी हार के बाद अब बीजेपी ने अपनी नीतिगत हार भी स्वीकार कर ली है। क्योंकि जिस बीजेपी ने सत्ता में आते ही कांग्रेस द्वारा शुरू की गई 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट आवंटन की स्कीम को बंद कर दिया था, वहीं बीजेपी अब प्लॉट बांटने की बात कह रही है। जो बीजेपी फैमिली और प्रॉपर्टी आईडी को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मानती थी, अब वहीं बीजेपी उनकी खामियों को स्वीकार कर रही है। हुड्डा आज चंडीगढ़ अपने आवास पर मीडिया को बाइट देते हुए कहा कि 10 साल से हरियाणा में पुलिस, प्रोपेगेंडा और पोर्टल की सरकार चल रही है। पुलिस के जरिए बीजेपी ने किसानों, कर्मचारियों, पंच व सरपंचों पर लाठी गोलियां बरसवाईं। वेतन बढ़ोतरी की मांग कर रही आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, मिड डे मील वर्कर और सफाई कर्मियों पर भी पुलिसिया अत्याचार करवाया।



# प्रदेश में जल्द शुरू होंगी 44 मोबाइल डिस्पेंसरी

**श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच करेगी मोबाइल वैन**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि श्रमिकों को सिलिकोसिस जैसी खतरनाक बीमारी से बचाने के लिए जल्द ही 44 मोबाइल डिस्पेंसरी वैन शुरू की जाएगी।ये वैन खनन, निर्माण स्थलों या जहां भी सिलिकोसिस होनेकी संभावना बनी रहती है, उन स्थानों पर जाकर श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच करेगी, ताकि इस बीमारी का प्रथम चरण में ही पता लग सके और उन्हें उचित इलाज मुहैया करवाया जा सके। इसके लिए प्रारंभिक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है जल्द ही इन वैन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। मूलचंद शर्मा यहां श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।




## हरियाणा दिल्ली को दे रहा पूरा पानी: डॉ अभय

- सरकार ने कभी कोताही नहीं बरती

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ अभय यादव ने कहा कि हरियाणा, दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है बल्कि जितना उनके पानी का हक है उससे अधिक पानी उन्हें दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने ना भी पहले पानी देने में कोताही की थी और ना आगे कोई कोताही करेंगे। डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि हम शुरू से जागरूक है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले, हमारी कोशिश यही रहती है कि दिल्ली को पूरा पानी दिया जाए। दिल्ली पानी का कैसे इस्तेमाल करता है उसकी मैनेजमेंट कैसे करते है वो उनकी जिम्मेदारी है। प्रदेश द्वारा पूरा पानी देने के बाद भी उन्हें (दिल्ली) पानी की कमी रहती है तो वे अपने मैनेजमेंट को देखे की कहां पर कमी है। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर सरकार काम कर रही है।

*डॉक्टरों के सामने कई चुनौतियां, स्वास्थ्य मंत्री से मिले एसोसिएशन के प्रतिनिधि*

# डॉक्टरों की कमी दूर करने और स्वीकृत पदों को आबादी के लिहाज से बढ़ाने की मांग

- हरियाणा में स्वीकृत किए गए पदों के हिसाब से भी एक हजार पद खाली पड़े हुए

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल राज्य के स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता से बुधवार को मिले। डॉक्टरों ने उनके सामने खड़ी चुनौतियों के बारे में अवगत कराया और बताया कि राज्य में बढ़ती आबादी को देखते हुए स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाई जाए। इतना ही नहीं डॉक्टरों ने कहा कि राज्य के लिए स्वीकृत कुल पदों को तुरंत भरा जाए, क्योंकि 25 फीसदी पोस्ट खाली पड़ी हुई हैं, डॉक्टरों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा भी उन्होंने चिकित्सकों के सामने मांगों को उनके सामने रखा। हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन की ओर से राज्य अध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया, अनिल यादव महासचिव, डा. वीरेंद्र ढांडा उपप्रधान मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अमरजीत सिंह चौहान. डा मानसिंह संयुक्त सचिव मौजूद थे।

**3900 पोस्ट मेडिकल ऑफिसर्स की स्वीकृत**

सूबे में स्वीकृत नियमित डॉक्टरों के पदों की बात करें, तो 3900 पद स्वीकृत हैं। लेकिन इसमें लगभग 1 हजार पोस्ट खाली चल रहीं है। दरअसल, भर्ती हो जाने के बाद में काफी डॉक्टर ज्वाइन ही नहीं करते अथवा बाद में छोड़कर चले जाते हैं। इसके अलावा वीआरएस लेकर चले जाते हैं।

## विद्यार्थियों और अध्यापकों की समस्याओं का त्वरित निदान करें अधिकारी: सीमा त्रिखा

- शिक्षा मंत्री एक दिन में दो जिलों का दौरा करके स्कूलों का करेंगी निरीक्षण



**चंडीगढ़।** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि अधिकारी विद्यार्थियों और अध्यापकों की समस्याओं का त्वरित निदान करें , इसके लिए प्रत्येक जिला का अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। शिक्षा मंत्री पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्राथमिक एवं मामाध्यमिक स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक को बुस्टर-मीटिंग की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बैठक के बाद विभागीय कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि जहां अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं सुस्ती बरतने वालों की खिंचाई की जाएगी।


**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

( राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित )
( एनएएसी प्रमाणित 'ए+' ग्रेड )

**सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश सूचना**

शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 05.06.2024 से रेगुलर मोड के माध्यम से निम्नलिखित प्रोग्राम्स के लिये प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

**एम.टेक. प्रोग्राम्स**
- एम.टेक. (कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग)
- एम.टेक. (पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग)
- एम.टेक. (भू-सूचना विज्ञान)
- एम.टेक. (मैकेनिकल इंजीनियरिंग)

**एम.सी.ए. एवं एकीकृत एमसीए प्रोग्राम्स**
- एमसीए
- एकीकृत बीसीए-एमसीए

**एम.एससी. प्रोग्राम्स**
- एम.एससी. (मनोविज्ञान)
- एम.एससी. (जैव प्रौद्योगिकी)
- एम.एससी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान)
- एम.एससी. (रसायन विज्ञान)
- एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान)
- एम.एससी. (खाद्य प्रौद्योगिकी)
- एम.एससी. (गणित)
- एम.एससी. (भौतिकी)
- एम.एससी. (अर्थशास्त्र)
- एम.एससी. (योग विज्ञान और थैरेपी)
- एम.एससी. (वनस्पति विज्ञान)
- एम.एससी. (प्राणी विज्ञान)
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस) (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डेटा साइंस)
- एम.एससी. (भूगोल)

**डिप्लोमा प्रोग्राम्स**
- मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग में पी.जी. डिप्लोमा
- पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- बाल मार्गदर्शन और काउंसलिंग में एडवांस्ड डिप्लोमा

**एमबीए और एकीकृत एमबीए प्रोग्राम्स**
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
- एमबीए-वित्त
- एमबीए-मार्केटिंग
- एमबीए-अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
- एमबीए-बिजनेस एनालिटिक्स
- एमबीए-हेल्थकेयर
- एकीकृत बीबीए-एमबीए

**एम.फार्मा. प्रोग्राम्स**
- एम.फार्म. (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री)
- एम.फार्म. (फार्मासेटिक्स)
- एम.फार्म. (फार्माकोलॉजी)
- एम.फार्म. (फार्माकोग्नॉसी)

**एमपीटी एवं बीपीटी प्रोग्राम्स**
- एम.पी.टीएच. (ऑर्थोपेडिक्स)
- एम.पी.टीएच. (न्यूरोलॉजिकल)
- एम.पी.टीएच. (कार्डियोथोरेसिक एवं पल्मोनरी डिसऑर्डर्स)
- एम.पी.टीएच. (स्पोर्ट्स)
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी

**एम.ए., एम.कॉम. और एमएलआईएस प्रोग्राम्स**
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (हिन्दी)
- एम.ए. (शिक्षा)
- एम.कॉम.
- मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस

**बी.वोक. प्रोग्राम**
- बी.वोक. (फूड प्रोसेसिंग एंड इंजीनियरिंग)

**(एनईपी)-2020 के तहत एकीकृत स्नातक-मास्टर प्रोग्राम (एस) और यूजी प्रोग्राम**
- एकीकृत बी.एससी. (फिजिकल साइंसेज)-एम.एससी. भौतिकी
- एकीकृत बी.एससी. (फिजिकल साइंसेज)-एम.एससी. रसायन विज्ञान एकीकृत बी.एससी. (फिजिकल साइंसेज)-एम.एससी. गणित
- एकीकृत बी.एससी. (लाइफ साइंस)-एम.एससी. जैव प्रौद्योगिकी/सूक्ष्म जीव विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान/रसायन विज्ञान
- एकीकृत बी.एससी./बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. अर्थशास्त्र
- एकीकृत बी.एससी/बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. मनोविज्ञान
- एकीकृत बी.एससी./बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. खाद्य प्रौद्योगिकी
- एकीकृत बी.एससी./बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. भूगोल
- एकीकृत बी.एससी./बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. (योग विज्ञान और थेरेपी)
- एकीकृत बी.एससी. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.एससी. कंप्यूटर साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड डेटा साइंस)
- एकीकृत बी.कॉम.-एम.कॉम.
- एकीकृत बी.ए. (ऑनर्स/रिसर्च सहित ऑनर्स)-एम.ए. मास कम्युनिकेशन
- बी.एससी. (विमानन)

**नए प्रोग्राम्स**
- पोस्ट बेसिक बी.एससी. (नर्सिंग)
- बी.एससी. (नर्सिंग)
- बी.एससी. (चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी)
- बी.एससी. रेडियोग्राफी एवं इमेजिंग टेक्नोलॉजी
- बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स)

**एकीकृत शिक्षक शिक्षा प्रोग्राम्स**
- बी.एससी. बी.एड. (आईटीईपी के तहत)
- बी.ए. बी.एड. (आईटीईपी के तहत)

नेट बैंकिंग अथवा डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से शुल्क के भुगतान हेतु अन्तिम तिथि 26.06.2024 (अप. 5:00 बजे) है, चूंकि उम्मीदवार 26.06.2024 (12:00 अर्ध रात्रि) तक ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवा सकते हैं। "**प्रवेश सूचना**" और प्रवेश से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी निहित "**विश्वविद्यालय विवरणिका 2024-25**" विश्वविद्यालय वेबसाइट : **www.gjust.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

**टिप्पणी : कैम्पस में सभी बी.टेक., बी.टेक. एलईईटी, बी.फार्म. और बी.फार्म (एलईईटी) प्रोग्राम्स के लिए प्रवेश हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा समिति (एचएसटीईएस), पंचकूला के माध्यम से ऑन-लाइन काउंसलिंग के माध्यम से किये जाएंगे।**

संवाद विज्ञा. सं. 1237/11/94/2025/26691/सी/88/6 दि. 12.06.24 — रजिस्ट्रार



**जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति रोहतक**

**अल्प अवधि सूचना**

**XV वित्त आयोग हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता**

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एनयूएचएम के तहत XV वित्त आयोग के तहत यूपीएचसी गऊकरण में उनकी सेवाओं के लिये विशेषज्ञ एलोपैथिक चिकित्सकों (मेडिसन, ऑब्स्टेट्रिक्स एवं गाइनोकॉलोजी, पेडियाट्रिक्स, ऑप्थैल्मॉलोजी, डर्मेटोलॉजी, साइकियेट्री, डेंटल, फिजियोथैरेपी, जनरल सर्जरी और ऑप्टोमैट्रिस्ट) से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। सिविल सर्जन, रोहतक के कार्यालय में आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि 28.06.2024 है।

हस्ता/- सिविल सर्जन
पीआरडीएच-1058/11/782/2025/26685/88/6 दि. 12.06.24 — रोहतक

**नगर निगम, रोहतक।**

**NOTICE**

**Memo No. MCR/EE/2024/1935 — Dated: 12/06/2024**
**Municipal Corporation, Rohtak**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक क्षेत्र में स्थित पार्कों की देख-रेख का कार्य नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा था। लेकिन सरकार द्वारा एक नीति बनाई गई है जिसके द्वारा पार्कों की देख-रेख का कार्य स्थानीय Resident Welfare Associates/Non- Government Organisation/Associations द्वारा करवाने हेतू अनुरोध किया है। अतः सम्बंधित स्थानीय Resident Welfare Associates / Non-Government Organisation / Associations को नगर निगम, रोहतक में पार्कों की देख-रेख का कार्य अलॉट करने हेतू दिनांक 12-06-2024 से 18-06-2024 तक आवेदन करने का समय दिया जाता है। इच्छुक स्थानीय Resident Welfare Associates / Non-Government Organisation / Associations उपरोक्त दिनांक में नगर निगम, रोहतक की तकनीकी शाखा में सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

हस्ता/-कार्यकारी अभियंता,
नगर निगम, रोहतक।
संवाद विज्ञा. सं. -1078/11/475/2025/26650/C/88/6 दि. 12.06.24


**सियासत** | कांग्रेस में फिर शुरू हुई मुख्यमंत्री की लड़ाई

# चंद्रमोहन बोले, सैलजा सीएम कैंडिडेट, सैलजा का भूपेंद्र हुड्डा पर तंज, मैं ही सीएम कहना गलत

- पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन बिश्नोई ने एक्स पर लिखा और सैलजा को सांसद चुने जाने पर बधाई देते हुए पोस्ट की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



कांग्रेस में लोकसभा चुनाव के बाद अब मुख्यमंत्री के फेस को लेकर गुटबाजी दिखने लगी है। पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन बिश्नोई ने सिरसा से नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा को भावी सीएम बताकर और हवा दे दी। पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के सबसे बड़े बेटे ने इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स) पर एक पोस्ट भी डाली है। पोस्ट में चंद्रमोहन बिश्नोई ने लिखा, हरियाणा प्रदेश की भावी मुख्यमंत्री व सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद बहन कुमारी सैलजा से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर उनको ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। दरअसल, सैलजा सिरसा से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद इन दिनों दिल्ली में हैं। सोमवार को उन्होंने सोनिया गांधी से भी मुलाकात कर चुनाव का पूरा फीडबैक दे चुकी हैं। इस अहम मुलाकात के बाद सैलजा ने खुद इसकी जानकारी मीडिया को दी थी। उधर, कुमारी सैलजा ने बिना किसी का नाम लिए कहा- मैं ही सीएम हूं, मैं ही सीएम हूं, यह कहना गलत है। सीएम पद के कई दावेदार हैं। इन नामों पर कांग्रेस हाईकमान विचार करता है। मेरा मानना है कि जब कांग्रेस हाईकमान हरियाणा में मुख्यमंत्री के दावेदारों के नामों पर विचार करेगा तो उनमें से मेरा नाम भी एक होगा। कुमारी सैलजा ने एक मीडिया प्लेटफार्म पर खुलासा किया कि अंबाला में वरुण चौधरी को उन्होंने ही टिकट दिलाया है। कांग्रेस हाईकमान ने मुझसे अंबाला के उम्मीदवार के बारे में राय जानी।

**कांग्रेस में दो गुट एक्टिव**

हरियाणा कांग्रेस में भी अभी दो गुट एक्टिव हैं। पहला गुट पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है। दूसरा गुट कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी का है, जिसको एसआरके गुट भी कहते हैं। हालांकि सूबे में हुड्डा गुट सबसे पावरफुल है। यही वजह है कि 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर हुड्डा गुट का ही दबदबा रहा।

**हुड्डा भी विस चुनाव को लेकर एक्टिव**

इधर, लोस चुनाव में 5 सीटों पर जीत मिलने के बाद कांग्रेस का पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा खेमा भी काफी एक्टिव है। इसकी वजह अब सूबे में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। दिल्ली में 4 सांसदों के साथ पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा केंद्रीय नेतृत्व को चुनाव का फीडबैक दे चुके हैं। साथ ही चंडीगढ़ में सोमवार को सीएलपी मीटिंग भी बुला चुके हैं। इस मीटिंग में उन्होंने सूबे के पार्टी सांसदों के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर प्लानिंग की। साथ ही यह संकेत भी दिए कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव में वह ही मुख्यमंत्री के सबसे बड़े दावेदार हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी अम्बाला | सेक्टर-30, शहरी सम्पदा, कुरुक्षेत्र में सीवर लाइंस की सफाई और सीवर लाइन को पुनः बिछाना तथा मैन होल का निर्माण। "सीवर लाइन को पुनः बिछाना, मैन होल, 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का निर्माण, सभी प्रकार से पूर्ण सीवर लाइन की सफाई और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (एक वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी/रखरखाव समेत) + 3 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 18.06.2024 | 2.66 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9050133999 xenambhsvp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/80/26661/I/88/6 दि. 12.06.24

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**यमुनानगर।** यमुनानगर-जगाधरी रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से एक किशोर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक धीरज बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव सोनावाल का रहने वाला है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बैग से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को हादसे की सूचना दे दी।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो युवकों की मौत

**जींद।** गांव नंदगढ़ के निकट नारनौल-अंबाला नेशनल हाइवे 152डी पर बुधवार सुबह अनियंत्रित होकर कार के पलटने से उसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई। गांव हडौदी कला जिला चरखी-दादरी निवासी नवीन (22) अपने दोस्त अंकित के साथ कार से चंडीगढ़ जा रहे थे। गांव नंदगढ़ के निकट उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गई, जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के पास से मिले दस्तावेजों से उनकी पहचान संभव हो पाई।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि एमबीए हैल्थकेयर प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एमसीए प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एमसीए प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमसीए तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021, एमएससी इकोनोमिकस प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, एमएससी इकोनामिकस प्रथम सेमेस्टर (मेन) बैच 2023, परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

## लंच टाइम में हुआ हादसा, वरना हो सकती थी जान की भारी हानि

# टेक्सटाइल की फैक्टरी में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत के औद्योगिक हुडा सेक्टर 29 पार्ट-टू में स्थित आदर्श होम फर्निशिंग में बुधवार की दोपहर को अचानक आग लग गई। आग फैक्टरी की दूसरी मंजिल पर लगी। तापमान अधिक होने व लू चलने के कारण फैक्टरी की दूसरी मंजिल को पूरी तरह से आग ने अपने काबू में कर लिया। जबकि आग लगती देख फैक्टरी की हर मंजिल पर कार्यरत श्रमिक बाहर आ गए।
वही, दूसरी मंजिल पर लगे फायर फाइटिंग सिस्टम को चालू कर घटना की सूचना दमकल केंद्र हुडा सेक्टर 25 को दी गई, एक के बाद एक चार दमकल मौके पर पहुंची और आग को काबू करने का काम शुरू किया, लेकिन लू चलने के कारण आग भीषण रूप धारण करती चली गई।

इधर, फैक्टरी से उपर से बिजली की लाइन होने के चलते इस क्षेत्र की बिजली की आपूर्ति बंद करवाई गई और आसपास की फैक्टरियों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली करवा लिया गया। वही, इस क्षेत्र में पुलिस बल को तैनात किया गया, ताकि आपातकालीन हालत में सुरक्षा संबंधी कार्य सशक्त तरीके से किए जा सके। वही घटनास्थल पर बार बार प्रत्यक्षदशियों की भीड़ लग जाती थी, जिसे हटाने में पुलिस टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। दूसरी ओर, आग को भीषण रूप लेते देख दमकल अधिकारियों ने पानीपत के सभी केंद्रों की दमकलों को, पानीपत रिफाइनरी, थर्मल पावर स्टेशन, एनएफएल, सोनीपत व करनाल से दमकलों को बुलवाया। जबकि हुडा सेक्टर 29 पार्ट टू की उन फैक्टरियों से दमकल की वॉटर बॉटलिंग करवाई गई, जहां बड़ी क्षमता की ट्यूबवेलों थी। दमकल अधिकारियों ने हाइट्रो की मदद से फैक्टरी की दूसरी मंजिल के शेड को गिरवाया, ताकि दमकल अधिकारी वहां लगी आग पर पानी व फोम फैंक सकें। दमकल टीम ने आग को योजनाबद्ध तरीके से काबू करने के लिए फोम का भी प्रयोग किया। इधर, दमकल की 15 गाड़ियां आग को काबू करने में जुटी थी। बता दें कि फैक्टरी में टेक्सटाइल उत्पाद बनते हैं और इनमें पेट्रोलियम उत्पादों का प्रयोग होता है। इसके मद्देनजर आग रुक-रुक कर भड़क रही थी। लू चलने व तापमान अधिक होने के कारण आग फिर बेकाबू ना हो इसके चलते दमकल के एक-एक वाटर व फोम टेंडर मौके पर मौजूद रहे।



**पानीपत।** आदर्श होम फर्निशिंग की दूसरी मंजिल में लगी आग पर पानी की बौछार करते हुए दमकल कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*



**पानीपत।** घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी अजीत व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

### एसपी ने किया निरीक्षण

इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम मनदीप सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र गिल, डीएसपी सुरेश सैनी, हरियाणा चेंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन विनोद धमीना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इधर, हादसा लंच टाइम हुआ, वरना हादसे में आर्थिक के साथ जान का भी भारी नुकसान हो सकता था।

# पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी के लिए रोजाना लगेंगे कैंप



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा सचिवालय में पंचकूला नगर निगम के पार्षदों और अधिकारियों के साथ बैठक करते विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता।

- जन समस्याओं पर विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने लिया संज्ञान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने पंचकूला नगर निगम के कार्यों में कोताही बरतने वाले अफसरों को कड़ी फटकार लगाई है। गुप्ता बुधवार को विधान सभा सचिवालय में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि शहरवासियों की परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी संबंधी दिक्कतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करना होगा। इस पर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने आश्वासन दिया कि दोनों दस्तावेजों का डाटा अपडेट करने के लिए सभी सेक्टरों और गांवों के सामुदायिक केंद्र या सार्वजनिक स्थानों पर रोजाना कैंप लगाए जाएंगे। बैठक में महापौर कुलभूषण गोयल और बड़ी संख्या में पार्षद भी मौजूद रहे। बैठक में शहरवासियों से जुड़ी जन-शिकायतों और विकास कार्यों का सिलसिलेवार ढंग से ब्योरा मांगा गया। शहर में पेड़ों की ट्रिमिंग के लिए फीस वसूले जाने के मामले में संज्ञान लेते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने एसडीओ अजय गौतम को कड़ी फटकार लगाई। नगर निगम ने इस कार्य के लिए मोटी लागत से उपकरण खरीदे हैं। इसके बावजूद जनता से फीस वसूलने की बात गलत है। बैठक में यह मसला वार्ड नंबर 8 के पार्षद हरेंद्र मलिक ने उठाया था। ऐसे ही सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग उपरांत सफाई के लिए दो हजार रुपये फीस लेने पर भी विस अध्यक्ष ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि यह फीस एक हजार निर्धारित है तो दोगुनी क्यों ली जा रही है। घरों से कूड़ा संग्रहण के लिए साल भर की फीस के एक साथ नोटिस भेजने पर भी अधिकारियों को फटकार लगी।

## मनी लांड्रिंग का डर दिखा रिटायर्ड कर्मी से ठगे 7 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया साइबर ठगी का केस दर्ज

साइबर ठगों ने मनी लांड्रिंग केस में फंसने का डर दिखाकर हेल्थ विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी जैन नगर जगाधरी निवासी विरेंद्र कुमार से सात लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने विरेंद्र कुमार की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विरेंद्र कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हेल्थ विभाग से रिटायर्ड है। आठ जून को उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। आरोपी ने उसे कहा कि उसका मोबाइल नंबर दो घंटे में बंद हो जाएगा। आरोपी ने उसे बताया कि मुंबई पुलिस की आदेश पर मोबाइल नंबर बंद किया जाएगा। इसके बाद उसने कॉल को दूसरे नंबर पर कनेक्ट कर दिया। जिस व्यक्ति से उसकी बात हुई उसने खुद को मुंबई पुलिस से बताया। आरोपी ने उसे कहा कि आपका नाम नरेश गोयल के मनी लांड्रिंग केस में रजिस्टर हुआ है। आपके नाम से एक सिम कार्ड मुंबई से खरीदा गया है। जिससे गंदी कॉल की गई है। 17 व्यक्तियों ने आपके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद आरोपी ने उसके व्हाट्सएप पर कॉल करनी शुरू कर दी। आरोपी ने उसे कहा कि उसके सारे बैंक अकाउंट हैक हो सकते हैं। उसको सारे पैसे एक अकाउंट में जमा करवाने पड़ेंगे। यह अकाउंट नंबर आरबीआई द्वारा दिया गया है। इसके बाद आरोपी ने उसे एक अकाउंट नंबर दिया। उसने अपने अकाउंट से सात लाख रुपये उस अकाउंट में जमा करवा दिए। इसके बाद उसे शक हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है। उसने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## एक मकान बेचने का दो के साथ किया एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

- दंपति के खिलाफ जालसाजी करने का मामला दर्ज

भाकली के एक व्यक्ति से मकान बेचने का एग्रीमेंट करते हुए लाखों रुपये वसूलने के बाद किसी और के नाम एग्रीमेंट करने के आरोप में पुलिस ने दंपति के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में भाकली निवासी अश्वनी कुमार ने बताया कि वह एक मकान खरीदने का मन बना रहा था। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले रामकुमार से उसकी मुलाकात हो गई। रामकुमार ने उसे बताया कि उसके पास 100 वर्ग गज में बना हुआ मकान है। वह अपना मकान बेचना चाहता है। यह मकान उसकी पत्नी दया के नाम है। मकान देखने के बाद अश्वनी ने रामकुमार के साथ 15 लाख रुपये में सौदा फाइनल कर लिया। इसके बाद रामकुमार ने उसे बताया कि मकान पर बैंक लोन है। उसे क्लियर करने के बाद ही मकान उसके नाम हो सकेगा। इसके लिए उसे एडवांस पैसों की जरूरत होगी। अश्वनी ने उससे मकान का एग्रीमेंट करते हुए नकद व बैंक ट्रांसफार्मर के जरिये 14 लाख रुपये दे दिए। गत 22 मार्च को दोनों के बीच तलसील में एग्रीमेंट हो गया। बाद में दूसरे के साथ किया एग्रीमेंट

अश्वनी ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसे पता चला कि उसके साथ एग्रीमेंट करने के बाद दंपति ने भाकली निवासी जसबीर के साथ मकान बेचने का सौदा कर लिया। जब उसने रामकुमार से बात की तो उसने मकान और लिए गए पैसे दोनों देने से इनकार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने चेतावनी दी कि अगर उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई की, तो वह उसे महिला से संबंधित झूठे केस में फंसा देगा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर दंपति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## नगर निगम ने काला कबाड़ी का नष्ट किया करोड़ों का साम्राज्य

- पत्नी पर फायरिंग के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया तो कई आपराधिक मामलों का हुआ खुलासा
- आरोपी वाहन चोरी, वेश्यावृत्ति समेत कई मामलों में पहले से है जेल में बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

अवैध कार्यों में लिप्त नरेश वर्मा उर्फ काला कबाड़ी द्वारा बनाई नौ संपत्तियों को नगर निगम की टीम ने ढ़ाई दिन में ध्वस्त कर दिया। लगातार चली निगम की कार्रवाई के दौरान काला कबाड़ी की कई बड़ी बिल्डिंगों को निगम ने कबाड़ कर दिया। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर एटीपी एवं निगम अभियंता कुलदीप यादव के नेतृत्व में बनी टीम ने सोमवार से शुरू की कार्रवाई को बुधवार दोपहर तक पूरा कर लिया। आरोपी काला कबाड़ी ने अधिकतर संपत्तियां व्यावसायिक कार्यों के लिए अवैध रूप से बनाई हुई थी। नगर निगम ने इस बारे आरोपी काला कबाड़ी को कई बार नोटिस जारी किया। जवाब न देने पर पुलिस प्रशासन की मदद से निगम द्वारा जेसीबी व बुल्डोजर की मदद से इन संपत्तियों को ढहाया गया। नगर एटीपी एवं सहायक अभियंता कुलदीप यादव ने बताया कि काला कबाड़ी ने यह संपत्तियों अवैध रूप से निगम एरिया में बनाई हुई थी। आरोपी काला कबाड़ी का काम, जिम, डेयरी, पीजी व अन्य व्यवसाय करता था। आरोप है कि आरोपी वेश्यावृति के अवैध धंधे में भी लिप्त था। टीम ने काला कबाड़ी की रामपुरा में ग्रीन पार्क, सौभाग्य रिजॉर्ट के पास, गधौली कॉलोनी, जगाधरी, सेक्टर 17 समेत नौ स्थानों पर बनाई अवैध संपत्तियों को गिरा दिया।



### यह है मामला

काला कबाड़ी की पत्नी ने कुछ दिन पहले अपने पति पर मारपीट व फायरिंग कर जान से मारने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की तो आरोपी कई अवैध धंधों में संलिप्त पाया गया। इस दौरान आरोपी पर अवैध संपति होने का भी खुल्लासा हुआ था। जिसके बाद नगर निगम प्रशासन सकते में आया और उसकी अवैध रुप से बनाई गई संपत्तियों पर जेसीबी मशीन चलाकर ढहा दिया।

## दो लाख की रिश्वत मामले में सरप्लस पटवारी गिरफ्तार

- तीन दिन का रिमांड पूरा, 14 दिन के लिए भेजा जेल
- बरामद किए 80 हजार रुपये
- सरप्लस की जमीन नाम करने की एवज में ली थी रकम



**नूंह।** नूंह पुलिस न सर पल्स जमीन को नाम करने पर दो लाख की रिश्वत लेने के मामले में पटवारी को तीन दिन की रिमांड पूरी होने के बाद 14 दिन के लिए जिला जेल भेज दिया है। रिमांड के दौरान पुलिस ने 80 हजार रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। हजारी पुत्र राजबीर निवासी संगेल ने शिकायत में बताया कि भगतराम जिला नूंह में बतौर सरप्लस पटवारी के पद पर कार्यरत था । जिसने लगभग दो साल पहले पद पर रहते हुए मुझे बताया कि गांव संगेल तहसील नूंह में सरप्लस का काफी रकबा है। अगर आप अलाट शुदा व्यक्तियों से भूमि का सौदा करते हो तो उस भूमि को आप के नाम चढ़ा दूंगा। जिसकी एवज में मुझसे दो लाख रुपया प्रति एकड़ के हिसाब से मांगे। पटवारी भगतराम को दो लाख रुपये नकद दे दिए। जिसकी शिकायतकर्ता ने वीडियो भी बना ली। नूंह पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी भगतराम को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया।

## फिर से भीषण गर्मी और गंभीर हीट वेव का असर

# नारनौल की रात व रोहतक के दिन सबसे ज्यादा गर्म

- प्रदेश के पांच जिलो में 46 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

हरियाणा/एनसीआर दिल्ली को एक बार फिर से झुलसाने वाली भीषण गर्मी व गंभीर हीट वेव ने अपने शिकंजे में ले लिया है। पारे में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। हरियाणा/एनसीआर दिल्ली में कुछ स्थानों पर दिन का तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। प्रदेश के पांच जिलों में 46.0 डिग्री सेल्सियस से ऊपर व 10 जिलों में दिन का तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर दिल्ली में कुछ स्थानों पर दिन का पारा 48.0 डिग्री सेल्सियस व रात का पारा 35.0 से ऊपर जाने की संभावना बन रही है। वहीं 15 जून को सक्रिय होने वाली मौसम प्रणाली पश्चिमी विक्षोभ भी ज्यादा कमजोर पड़ गया है। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन ने बताया कि अगले तीन-चार दिनों के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली के पश्चिमी दक्षिणी व पूर्वी तथा केंद्रीय जिलों विशेषकर सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, चरखी-दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम, मेवात, रोहतक, झज्जर, जींद, कैथल, सोनीपत, पानीपत, यहां तक उत्तरी जिलों में कई स्थानों पर गंभीर लू की स्थिति व भीषण गर्मी जारी रहेगी। इसलिए भारतीय मौसम विभाग ने यहां ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है।

हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस से 46.9 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। रात्रि तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस से 32.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। नारनौल की रात व रोहतक का दिन सबसे ज्यादा गर्म रहा। जिला महेंद्रगढ़ में रात्रि तापमान 32.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में दिन का तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।





## सांख्यिकी मंत्रालय ने मई माह के लिए जारी किया डाटा

# खुदरा महंगाई दर मई में घटकर आ गई 4.75 फीसदी पर, लेकिन सब्जियां महंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- अप्रैल 2024 में 4.83 फीसदी पर रही
- खाद्य महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही
- साग-सब्जियों की महंगाई दर 27.33 फीसदी पर

मई महीने में भी खुदरा महंगाई दर में गिरावट देखने को मिली है। सरकार ने जो डेटा जारी किया है उसके मुताबिक मई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.75 फीसदी पर आ गई है जो अप्रैल 2024 में 4.83 फीसदी रही थी। खाद्य महंगाई दर में मामूली कमी आई है और ये अप्रैल के 8.70 फीसदी के मुकाबले मई में 8.69 फीसदी पर आ गई है। हालांकि साग-सब्जियों और दाल की महंगाई अभी भी लोगों को सता रही है।

सांख्यिकी मंत्रालय ने मई महीने के लिए खुदरा महंगाई दर का डेटा जारी किया है। इस डेटा के मुताबिक मई में सीपीआई इंफ्लेशन घटकर 4.75 फीसदी पर आ गई है। हालांकि कई जानकार इसके 5 फीसदी से ज्यादा रहने का अनुमान जता रहे थे। महंगाई दर जस का तस बनी हुई है। खाद्य महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही है जो अप्रैल में 8.70 फीसदी रही थी। मई 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.31 फीसदी और खाद्य महंगाई दर 2.96 फीसदी रही थी।




### साग-सब्जियों और दालों की महंगाई ने किया परेशान



मई महीने में साग-सब्जियों और दालों में महंगाई में तेजी बनी हुई है। साग-सब्जियों की महंगाई दर मई में 27.33 फीसदी रही है जो अप्रैल में 27.80 फीसदी रही थी। दालों की महंगाई दर में मई महीने में उछाल देखने को मिला है और ये 17.14 फीसदी रही है जो अप्रैल में 16.84 फीसदी रही थी। फलों की महंगाई दर 6.68 फीसदी रही है जो अप्रैल में 5.94 फीसदी रही थी।

### अनाज की महंगाई दर बढ़ी

अनाज और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स की महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही है जो अप्रैल में 8.63 फीसदी रही थी। मसालों की महंगाई दर घटकर मई में 4.27 फीसदी पर आ गई है जो अप्रैल में 7.75 फीसदी रही थी। चीनी की महंगाई दर घटकर 5.70 फीसदी रही है जो अप्रैल में 6.73 फीसदी और अंडो की महंगाई दर 7.62 फीसदी रही है जो अप्रैल में 9.59 फीसदी रही थी।

### अप्रैल में पांच प्रतिशत बढ़ा औद्योगिक उत्पादन

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से तीन माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था।

### सूचकांक मासिक आधार पर घटा

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सुस्त पड़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से जारी आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन सुस्त पड़कर अप्रैल, 2024 में 3.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

### बिजली उत्पादन की वृद्धि दर बढ़ी

आलोच्य अवधि में बिजली उत्पादन की वृद्धि दर 10.2 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल, 2023 में इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी। उपयोग के आधार पर वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि दर अप्रैल, 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई। जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.4 प्रतिशत थी। इस साल अप्रैल में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 9.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि अप्रैल, 2023 में इसमें 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## सोने में 250 रुपये की तेजी चांदी में 800 रुपये का उछाल



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## रुपया तीन पैसे की तेजी के साथ 83.56 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू बाजार में सकारात्मक रुख के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 83.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

I, Mrinal S/o Sh. Krishan Kumar R/o Village Hasan, P.O. Rodhan, Tehsil- Tosham Distt. Bhiwani (Haryana) declare that I have changed my name from Mrinal (Old name) to Mrinal Samtiya (New Name). I shall be known as Mrinal Samtiya (New Name) for all purposes in future.

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61245799 | सप्लाई एंड एप्लीकेशन ऑफ फ्लीट ग्राफिक्स फिल्म फॉर पैच वर्क मैचिंग विथ एक्सिस्टिंग सिमिलर डिज़ाइन/कलर एंड पैटर्न इन इंटीरियर एंड एक्सटीरियर ऑफ एल एच बी टाइप कोच। | 23500 Sq. ft. | 08 जुलाई 2024 |
| 2. | 61245733A | सप्लाई टेस्टिंग, कमीशनिंग ऑफ स्विच बोर्ड कैबिनेट। | 75 नग | 08 जुलाई 2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस संख्या :– 61245799, 61245733A 1769/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि दहिया उर्फ लंबा पुत्र स्व. अतर सिंह,** निवासी ग्राम बरौना, तहसील–खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा, ने **FIR.No. 63/14, U/s 3/4 MCOC Act.,** के अंतर्गत थाना: **स्पेशल सेल,** नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि दहिया उर्फ लंबा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि दहिया उर्फ लंबा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 63/14, U/s 3/4 MCOC Act.,** थाना: **स्पेशल सेल,** नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि दहिया उर्फ लंबा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**

DP/7092/Spl.Cell/2024 — **श्री चंदर जीत सिंह, ASJ-03,** कमरा नंबर 39, MEA बिल्डिंग, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :–

5795

मनकि प्रदीप सिहं पुत्र रिसाल सिहं पुत्र ठाकर, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार खेवट न0 410मिन/298मिन, खाता न0 423मिन, मु0 न0 21, किला न0 9/2 (2–13), 12(8–0), 13(8–0), 18(8–0), 19(8–0) किते 5, तादादी रकबा 34 कनाल 13 मरले का 1/19 भाग, बकदर 1 कनाल 16.47 मरले (0.2279375 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है, जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 21, किला न0 9/2 मिन उत्तर (1–16.47), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 16.47 मरले (0.2279375 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 12.06.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## तोशिबा जॉनसन करेगी 60 एलिवेटर की आपूर्ति

**नई दिल्ली।** तोशिबा जॉनसन एलिवेटर्स इंडिया (टीजेईआई) ने बुधवार को कहा कि उसे गुरुग्राम की एक लक्जरी आवासीय परियोजना के लिए 60 एलिवेटर की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है।

## सूक्ष्म ऋण देने में एनबीएफसी-एमएफआई सबसे आगे : रिपोर्ट

- वित्त वर्ष 2-23-24 के अंत तक 40 फीसदी ऋण दिया गया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




बीते वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक वितरित किए गए सूक्ष्म ऋण का लगभग 40 प्रतिशत एनबीएफसी-एमएफआई द्वारा दिया गया। ऋण वितरण में अनुसूचित बैंकों का हिस्सा 33 प्रतिशत रहा।

सूक्ष्म वित्त संस्थानों के निकाय माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (एमएफआईएन) ने कहा कि एनबीएफसी-एमएफआई देश में सूक्ष्म ऋण के सबसे बड़े प्रदाता हैं। 31 मार्च, 2024 तक सूक्ष्म ऋण देने वाली इकाइयों का कुल ऋण पोर्टफोलियो 4.33 लाख करोड़ रुपये था। एमएफआईएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल वितरित सूक्ष्म ऋण में लघु वित्त बैंकों की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत है, इसके बाद एनबीएफसी की हिस्सेदारी नौ प्रतिशत है।

*प्रति खाते औसत राशि 45,024 रुपए रही : रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान प्रति खाते में वितरित औसत ऋण राशि 45,024 रुपये थी, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 9.9 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी-एमएफआई को 89,308 करोड़ रुपये का ऋण वितपोषण प्राप्त हुआ, जो 2022-23 वर्ष की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है।*

## डीसीआईएल को मिला 2000 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीसीआईएल) को पश्चिम बंगाल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट अथॉरिटी से 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। डीसीआईएल ने बयान में कहा कि यह ठेका मुख्य रूप से हल्दिया डॉक की ओर जाने वाले 'शिपिंग चैनल' में हुगली मुहाने में 'ड्रेजिंग' रखरखाव के लिए है। पांच साल के इस अनुबंध का मूल्य 2,015.88 करोड़ रुपये है। डीसीआईएल के चेयरमैन एम. अंगमुथु ने कहा कि कंपनी परियोजना की कठोर आवश्यकताओं को पूरा करेगी। डीसीआई विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में स्थित बंदरगाहों, भारतीय नौसेना, मछली पकड़ने के बंदरगाहों और अन्य समुद्री संगठनों को 'ड्रेजिंग' और संबद्ध सेवाएं प्रदान करती है।

Dredging Corporation of India Limited

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## हेलमेट पर से जीएसटी हटाने की मांग



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने बुधवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद और वित्त मंत्रालय से हेलमेट पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने का आग्रह किया, ताकि इसके इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके। आईआरएफ ने एक बयान में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं। हेलमेट पर जीएसटी की दर कम करने से आम लोगों के लिए हेलमेट को अधिक किफायती बनाने में मदद मिलेगी। 'बॉश रिपोर्ट' का हवाला देते हुए आईआरएफ ने कहा कि दुनिया भर में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मामलों में से करीब 12 प्रतिशत भारत के हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को करीब 15.71-38.81 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान होता है। आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के. के. कपिला ने कहा, '' दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक असुरक्षित होते हैं। सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले मामलों में से करीब 31.4 प्रतिशत लोगों की मौत मुख्य रूप से सिर में चोट लगने से होती है। दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं से लगने वाली चोट या उससे जान गंवाने के मामले कम करने के सबसे प्रभावी उपायों में से एक है सही हेलमेट का इस्तेमाल।''

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ब्रिगेड एंटरप्राइजेज करेगी 8000 करोड़ रुपये निवेश

बेंगलुरु। रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड चेन्नई में 2030 तक आवास, वाणिज्यिक और होटल परियोजनाओं के विकास पर 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ब्रिगेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी ने चेन्नई में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए 2030 तक 8,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। इसमें 1.5 करोड़ वर्ग फुट से अधिक आवासीय, कार्यालय, खुदरा और आतिथ्य क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं।अकेले आवासीय परियोजनाओं का सकल विकास मूल्य (जीडीवी) 13,000 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

## निफ्टी नए उच्चस्तर पर सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

- चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से बढ़ा सूचकांक
- वैश्विक स्तर पर भी बाजार में मजबूती रही

एजेंसी ▶▶ मुंबई



वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा।

कारोबारियों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी चुनिंदा कंपनियों के शेयरों को लेकर लिवाली का रुझान होने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला और दोनों सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए।

बेहद अस्थिर कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 593.94 अंक बढ़कर 77,050.53 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 177.1 अंक बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी शोध विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा, 'सकारात्मक स्तर पर बाजार खुलने के बाद सत्र के बड़े हिस्से में बढ़त रही। हालांकि, कारोबारी सत्र के दौरान गिरावट आने को लिवाली के अवसर के रूप में इस्तेमाल किया गया।घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच बुधवार को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद गोहाना | नगर परिषद गोहाना में पुराने क्षतिग्रस्त बिटुमिनस गजराज रोड को पुनः बिछाना और मरम्मत + 2 कार्य। | 11.06.2024 24.06.2024 | 1.25 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1263252013 eo-gohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26696/I/88/6 दि. 12.06.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलयूवीएएस हिसार | फीड ग्रेड कैमिकल्स और चना भूसा की खरीद। | 07.06.2024 27.06.2024 | 76.90 लाख | www.luvas.edu.in | 1662256118 hod.ann@luvas.edu.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26697/I/88/6 दि. 12.06.24

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## आईपीएल का मूल्यांकन 2024 में बढ़कर हुआ 16.4 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का मूल्यांकन वर्ष 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 16.4 अरब डॉलर (करीब 1,34,858 करोड़ रुपये) हो गया। अमेरिकी निवेश बैंक होलिहन लोके की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा, नकदी समृद्ध टी20 लीग का ब्रांड मूल्य भी साल-दर-साल 6.3 प्रतिशत बढ़कर 3.4 अरब डॉलर (करीब 28,000 करोड़ रुपये) हो गया है। आईपीएल के मूल्य में वृद्धि को नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी टाटा समूह द्वारा अगले पांच वर्षों (वर्ष 2024 से वर्ष 2028) के लिए लगभग 30 करोड़ डॉलर (2,500 करोड़ रुपये) के लिए टाइटल प्रायोजन से मदद मिली है, जो प्रति सीजन 335 करोड़ रुपये के पिछले सौदे से लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''पिछले कुछ वर्षों में फ्रेंचाइजी राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## शब्द पहेली - 5540



**बाएँ से दाए**
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5539 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | ब | न | कु | मा | र | | म | क | ब | रा |
| ला | न | | त | | स | ली | का | | स | त |
| य | | प | र | बा | ना | | न | न | | दि |
| न | का | र | ना | | | क | | म | हा | न |
| वा | | ख | | स | ह | ल | ज | | ज | |
| दी | वा | ना | प | न | | प | र | ब | री | श |
| | जि | | र | स | ले | ना | | न | | री |
| ग | ब | न | | नी | | | अ | वा | न्त | र |
| ज | | शा | न | | आ | ब | नू | स | | र |
| रा | ज | | ज | टा | यु | | रू | | का | क्ष |
| ज | ल | च | र | | ध | र्मो | प | दे | श | क |



अर्शदीप को 4 विकेट, मैन ऑफ द मैच रहे

अमेरिका के खिलाफ सूर्या की फिफ्टी




# टी20 वर्ल्ड कप : अमेरिका को सात विकेट से हराकर भारत ने सुपर आठ का टिकट कटाया

## टीम इंडिया ने 18.2 ओवर में चेज किया 111 रन का टारगेट

भाषा ▸▸| न्यूयॉर्क

बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (चार ओवर में नौ रन पर चार विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे के बीच मुश्किल पिच पर 65 गेंद में 67 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। अमेरिका को आठ विकेट पर 110 रन पर रोकने के भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 111 रन बनाए जो सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करते हुए इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर है। टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक के बाद छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंच गया। अमेरिका तीन मैच में चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 10 रन तक विराट कोहली (शून्य) और कप्तान रोहित शर्मा (तीन) के विकेट गंवा दिया था। दोनों को बायें हाथ के तेज गेंदबाज सौरव

### टूर्नामेंट में भारती की जीत की हैट्रिक, छह अंकों के साथ भारत सुपर आठ में पहुंचा

नेत्रवलकर (18 रन पर दो विकेट) ने आउट किया। सूर्यकुमार यादव 49 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेल एक छोर संभाले रखा। उन्होंने ऋषभ पंत (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी के बाद दुबे के साथ मिल कर टीम को जीत दिलायी। सूर्यकुमार ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये तो वहीं दुबे ने 35 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का जड़ा नाबाद 31 रन का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अर्शदीप का यह प्रदर्शन टी20 विश्व कप में किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 2014 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 रन पर चार विकेट लिये थे। अर्शदीप को हार्दिक पंड्या का अच्छा साथ मिला जिन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाये। अक्षर पटेल को एक सफलता मिली। अमेरिका के लिए नितीश कुमार ने 23 गेंद में 27 जबकि सलामी बल्लेबाज स्टीवन टेलर ने 30 गेंद में 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत काफी खराब रही। कोहली का खराब लय इस मैच में जारी रहा जबकि रोहित भी बल्ले से योगदान नहीं दे सके। सूर्यकुमार यादव ने नेत्रवलकर तो वहीं पंत ने जसदीप सिंह पर छक्का लगाया लेकिन पावरप्ले में भारत का स्कोर दो विकेट पर 33 रन ही था। आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये अली खान (21 रन पर एक विकेट) ने पंत को बोल्ड किया। गेंद टप्पा खाने के बाद ज्यादा उछाल लिये बिना विकेटों से टकरा गयी। सूर्यकुमार और शिवम दुबे को इसके बाद रन बनाने में परेशानी हुई। जसदीप की गेंद दुबे के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर चार रनों के लिए चली गयी जिससे 11वें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा हुआ।

### अमेरिका

| | |
|---|---|
| शयन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 00 |
| स्टीवन टेलर बो अक्षर | 24 |
| ऐंड्रिया गौस का हार्दिक बो अर्शदीप | 02 |
| आरोन जोंस का सिराज बो हार्दिक | 11 |
| नितीश कुमार का सिराज बो अर्शदीप | 27 |
| कोरी एंडरसन का पंत बो हार्दिक | 15 |
| हरमीत सिंह का पंत बो अर्शदीप | 10 |
| शैडनी वान शाल्कविक नाबाद | 11 |
| जसदीप सिंहरन आउट (पंत/सिराज) | 02 |
| अतिरिक्त: आठ | |

**कुल योग:** (20 ओवर में आठ विकेट पर) 110 रन

**विकेट पतन:** 1-0, 2-3, 3-25, 4-56, 5-81, 6-96, 7-98, 8-110

**गेंदबाजी:** अर्शदीप 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, दुबे 1-0-11-0, अर्शदीप 3-0-25-1

### भारत

| | |
|---|---|
| रोहित का हरमीत बो नेत्रवलकर | 03 |
| कोहली का गौस बो नेत्रवलकर | 00 |
| ऋषभ पंत बो अली खान | 18 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 50 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 |
| अतिरिक्त: | 09 |

कुल योग: (18.2 ओवर में तीन विकेट पर) 111 रन

**विकेट पतन:** 1-1, 2-10, 3-39

**गेंदबाजी:** नेत्रवलकर 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप 4-0-24-0, शाल्कविक 4-0-25-0, एंडरसन 3-0-17-0

## टी20 वर्ल्ड कप : ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में पहुंचा, एरासमस ने शर्मनाक 17 गेंदों में खोला खाता

एजेंसी ▸▸| नॉर्थ साउंड



आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप आस्ट्रेलिया और नामीबिया मैच के दौरान टी20 इंटरनेशनल के एक अनचाहा वर्ल्ड रिकॉर्ड गेराल्ड एरासमस ने अपने नाम कर लिया। नामीबिया के कप्तान अपनी टीम की ओर से हाइएस्ट स्कोरर रहे और उन्होंने 43 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली, लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें अपने पहले रन के लिए कितना इंतजार करना पड़ा था। गेराल्ड एरासमस ने 17वीं गेंद पर अपना खाता खोला। टी20 इंटरनेशनल में खाता खोलने के लिए सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अब एरासमस के नाम ही दर्ज हो गया है। इससे पहले यह वर्ल्ड रिकॉर्ड केन्या के तन्मय मिश्रा के नाम दर्ज था। 2007 में पाकिस्तान के खिलाफ तन्मय मिश्रा ने 16 गेंद पर अपना खाता खोला था।

## श्रीलंका-नेपाल बाहर अफ्रीका अगले दौर में

**लॉडरहिल।** श्रीलंका और नेपाल के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप डी का मैच भारी बारिश के कारण नहीं हो पाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका की सुपर आठ में जगह पक्की हो गई। बारिश के कारण इस मैच में एक भी गेंद नहीं डाली जा सकी। इससे श्रीलंका और नेपाल दोनों को एक-एक अंक मिला जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए सुपर आठ में जगह बनाई। उसने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं। बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं।

यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में किया शानदार प्रदर्शन

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को 3-0 से हराया

एजेंसी ▸▸| लिस्बन

स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपज़िग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे।आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।



## वर्ल्ड कप : चीन की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए। एशिया की 18 टीमों में से छह टीम को विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। दो अन्य टीम एशियाई क्वालीफाइंग के चौथे चरण से विश्व कप में सीधे प्रवेश पा सकती हैं जबकि एक अन्य टीम विश्व कप में जगह बनाने के लिए अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलेगी। चीन को ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन मैच हार जाने के कारण उसे थाईलैंड और सिंगापुर के मैच के परिणाम तक इंतजार करना पड़ा। चीन अभी तक केवल एक बार 2002 में विश्व कप में खेला था।

एथलेटिक्स



## गुलवीर ने पोर्टलैंड में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**पोर्टलैंड।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोरमेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13:18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाए गए 13:19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उन्होंने पिछले साल हांग्झोउ एशियाड में 28.17.21 सेकंड के समय से 10,000 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के डिलन जैकब्स ने 13:18.18 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। भारत के कार्तिक कुमार (13:41.07) 17वें स्थान पर रहे जबकि साबले (13:20.37) रेस पूरी नहीं कर सके।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-एम-टेंडर-ए एम सी-085-2024-25 दिनांक : 12.06.2024

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ COA ऑफ एफट्रॉनिक्स मेक एट NDLS, DLI, HNZM, TKJ, PWL, GZB, MTC, TPZ, ROK, JHL, PNP, KKDE, ANVT, CYZ, KZW, FN एंड टेस्ट रूम फॉर थ्री इयर्स। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 33,04,877.11/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 66,100/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 12.06.2024/ निविदा खुलने का दिनांक 08.07.2024 15:00 बजे तक। |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

1771/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का नाम: (1)** सहायक मंडल अभियंता जींद के आधीन जल मृदुकरण संयंत्र, वर्षा जल संचयन प्रणाली के प्रावधान और में हाइड्रोजन संयंत्र के वास्तुशिल्प स्वरूप में सुधार के साथ हाइड्रोजन संयंत्र के विकास के लिए संतुलन कार्य हेतु (निविदा संख्या 33-W-IV-24-25) **(2)** सहायक मंडल अभियंता रोहतक के आधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर पी वे रोहतक के अंतर्गत 68/212 सिंगल लाइन रोहतक से हांसी किमी के बीच नई लाइन के रखरखाव का बचा हुआ काम हेतु कार्य (निविदा संख्या 34-W-IV-24-25)
2. **अनुमानित लागत:** (1) रु. 5,56,57,012.95/- (2) रु. 1,41,07,310.85/-
3. **धरोहर राशि:** (1) रु. 4,28,300.00/- (2) रु. 2,20,500.00/-
4. **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय:** ई–निविदा भरने का समय कार्य 21.06.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.07.2024 को 15:00 बजे
5. **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है:** www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सं: 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/NIT 33&34-डब्लू-4-24-25 दिनांक: 11.06.2024 1762/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारत की पुरुष और महिला टीम जीतीं

**डेलियान।** भारत की पुरुष और महिला टीमों ने यहां चल रही एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। चोटिल अभय सिंह के बिना खेल रही पुरुष टीम ने अनुभवी वेलावन सेंथिलकुमार की अगुआई में कुवैत को 2-1 से हराया। रतिका एस सीलान की अगुआई में महिला टीम ने मकाउ को 2-1 और मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। भारतीय पुरुष टीम को हालांकि अपने दूसरे ग्रुप मैच में जापान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इस मुकाबले के पूर्ण नतीजों का अभी इंतजार है। पुरुष वर्ग में सेंथिलकुमार ने कुवैत के अथबी हमाद को 11-4, 11-5, 11-4 से हराया लेकिन राहुल भाटिया को मोहम्मद अल्खानफिर के खिलाफ 8-11, 12-10, 8-11, 11-9, 2-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। सूरज कुमार चंद ने बदर अलमोघरेबी को 11-6, 11-7, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। मकाउ के खिलाफ रतिका ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए ल्यु क्वाई ची को 11-4, 11-4, 11-5 से हराया। पूजा आरती रघु को येउंग वेंग ची के खिलाफ 6-11, 5-11, 2-11 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन जेनेट विधि ने येउंग वेई वेंग को 11-9, 6-11, 14-12, 11-9 से हराकर भारत को जीत दिलाई।

### भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि व्यवस्थित ट्रायल, उचित अंकन प्रणाली और सभी दावेदारों को समान अवसर के कारण देश के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के लिए 15 कोटा स्थान हासिल किए। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतने वाले नारंग को खुशी है कि पेरिस ओलंपिक में 15 निशानेबाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें उनकी अकादमी की दो महिला निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान और रमिता भी शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति में नारंग के हवाले से कहा गया, 'ट्रायल भी बहुत व्यवस्थित तरीके से आयोजित किए गए जिसमें अंकन प्रणाली का उपयोग किया गया जिससे प्रतिभागियों को अपनी वास्तविक क्षमता दिखाने का समान अवसर मिला।' भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष नारंग ने खिलाड़ियों को लाभान्वित करने वाली विभिन्न विकास योजनाओं में सरकार की भूमिका और उसके निवेश की सराहना की।

# टिटमस ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलिया की एरियार्ने टिटमस ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में विश्व रिकॉर्ड बनाया। टिटमस ने एक मिनट 52.23 सेकंड का समय लेकर पिछले साल की विश्व चैंपियनशिप में मोली ओकालाघन के एक मिनट 52.85 सेकंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। मोली एक मिनट 52.48 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। टिटमस 200 और 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा की ओलंपिक चैंपियन हैं और अब इन दोनों स्पर्धा के विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम हैं।




### लवलीना ने चेक गणराज्य ग्रां प्री में जीत से शुरुआत की

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को चेक गणराज्य में ग्रां प्री के पहले दौर में कड़े संघर्ष में विभाजित फैसले से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली एकमात्र भारतीय ने अपने 75 किग्रा के शुरुआती दौर में इंग्लैंड की चैंटेले रीड पर 3-2 से जीत हासिल की। लवलीना उन छह भारतीय मुक्केबाजों में से हैं जिन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

### न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से आज

**लिस्बन।** टरुबा। न्यूजीलैंड को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | 1. पीएनपी–सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/डब्ल्यू/पीएनपी के अधिकार क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है।<br>2. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/केयूएन के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य क्षेत्र जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है।<br>3. एसएनपी–सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसएनपी के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों की मरम्मत और सफेदी, पेंटिंग के लिए कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है।<br>4. केकेडीई–एसएसई (डब्ल्यू) एन. रेलवे, कुरुक्षेत्र के क्षेत्राधिकार में डीयूके अनुभाग पर सहायक अभियंता, उत्तर रेलवे, कुरुक्षेत्र के अधीन कर्मचारी क्वार्टरों और सेवा भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है।<br>5. एनके–एसएसई/डब्ल्यू/केकेडीई सहायक अभियंता उत्तर रेलवे के अनुभाग में एनआरडब्ल्यू–केकेडीई अनुभाग पर स्टाफ क्वार्टर और स्टेशन सेवा भवन आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है।<br>6. जेपी–एसएसई/डब्ल्यू (डब्ल्यू)/पीएनपी उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता एन. रेलवे पानीपत के अधीन जेएचआई–पीएनपी अनुभाग पर स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए कार्य जिसकी समाप्ति की अवधि 30.06.2025 है। |
| अनुमानित लागत | 1. ₹99,99,330.23 2. ₹99,99,328.73 3. ₹98,84,126.83<br>4. ₹99,24,139.23 5. ₹79,99,508.33 6. ₹79,99,508.33 |
| धरोहर राशि | 1. ₹2,00,000.00 2. ₹2,00,000.00 3. ₹1,97,700.00<br>4. ₹1,98,500.00 5. ₹1,60,000.00 6. ₹1,60,000.00 |

(यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान गेटवे के रूप में होना चाहिए। **नोट:** एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए।

| | |
|---|---|
| समापन अवधि | क्र.सं. 1 से 6 के लिए: 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.07.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.07.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| इस कार्य के लिए समान प्रकार के कार्य हैं | क्र.सं. 1 से 6 के लिए: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोट: शपथ पत्र संलग्नक XXIII अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी सलंग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

सं.: 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I/NIT-09, 10, 11, 12, 13 & 14 दिनांक: 11.06.2024 1801/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फीफा क्वालीफायर के प्रमुख और एएफसी रैफरी के प्रमुख से की शिकायत

# भारत ने विवादास्पद गोल पर की जांच की मांग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने बुधवार को कहा कि महासंघ ने दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कतर को दिए गए विवादास्पद गोल की जांच की मांग की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस अन्याय का समाधान निकालने का आग्रह किया। एआईएफएफ प्रमुख ने कहा कि भारत ने गोल की विस्तृत जांच की मांग की है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान दक्षिण कोरिया के रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। चौबे ने कहा, 'हमने फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रैफरी के प्रमुख और मैच आयुक्त को रैफरी की गंभीर त्रुटि के बारे में लिखा है जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह नहीं मिल पाई। इसकी गंभीरता को देखते हुए, हम संबंधित अधिकारियों से गहन जांच की मांग करते हैं।

हमने उनसे अन्याय को दूर करने के लिए क्षतिपूर्ति की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया है और हमें विश्वास है कि फीफा और एएफसी आवश्यक कदम उठाएंगे।'



### गेंद बाहर जाने के बाद किया गोल

*मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था और कतर को कॉर्नर किक मिलनी चाहिए थी क्योंकि गुरप्रीत गेंद के बाहर जाने से पहले उससे संपर्क करने वाले आखिरी खिलाड़ी थे। भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस समय हताश हो गए जब रैफरी ने कतर को गोल दे दिया और मेहमान टीम के कड़े विरोध के बावजूद मैदानी अधिकारी अपने फैसले पर बरकरार रहा।*

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-टेंडरिंग

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विद्युत-24/2024-25 (ओपन टेंडर) | अम्बाला मंडल के सीनियर डीईएन-1/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट (यूएमबी) और धूलकोट (डीकेटी) में दोनों गुड्स शेडों के उन्नयन/आधुनिकीकरण और राजपुरा (आरपीजे) (कौली साइडिंग) में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 10289339.26 | Rs. 201500.00 | 04 महीने | 03.07.2024 |
| 2 | 30-विद्युत-25/2024-25 (ओपन टेंडर) | अम्बाला मंडल के कीरतपुर साहिब स्टेशन मोरिंडा और कुराली स्टेशन और भरतगढ़ में गुड्स शेड के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत कार्य। | Rs. 7574868.86 | Rs. 151500.00 | 04 महीने | 03.07.2024 |

1) निविदाकर्ताओं की शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-12/2024-25 दिनांक: 11.06.2024** 1800/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# खालिस्तान समर्थक देशों से दो टूक बात करनी होगी

देश में नब्बे के दशक के बाद से खालिस्तान आंदोलन लगभग खत्म हो चुका था, लेकिन कनाडा और ब्रिटेन से रह रहकर ऐसी आवाजें आती रहीं। देश में भी बीते पांच सालों के दौरान ऐसी ही चिंगारी को हवा देने की कोशिश हो रही है। इसमें घी का काम किया लोकसभा चुनाव में खडूर साहिब से अमृतपाल सिंह की जीत ने। असम की जेल में बंद अमृतपाल सिंह का सांसद बनना बताता है कि खालिस्तान आंदोलन पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। असल में 1947 में आजादी मिलने के बाद भारत और पाकिस्तान दो देश बने। इसी के साथ पंजाब सूबे का बंटवारा हुआ जिसका बड़ा भाग पाकिस्तान के पास चला गया और कुछ हिस्सा हमारे पास बचा। लाहौर, जो कभी सिख साम्राज्य की राजधानी था वो पाकिस्तान में चला गया। इसके बाद पंजाबी भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य की मांग की शुरुआत पंजाबी सूबा आंदोलन से हुई थी। यह पहला मौका था जब पंजाब को भाषा के आधार पर अलग दिखाने की कोशिश हुई थी। अलग पंजाब के लिए जबरदस्त प्रदर्शन शुरू हुए और अंत में 1966 में ये मांग मान ली गई। भाषा के आधार पर पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की स्थापना हुई। उसी दौर में 'खालिस्तान' के तौर पर स्वायत्त राज्य की मांग उठाई गई जिन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने खारिज कर दिया। खालिस्तान की मांग ने 1970 के दशक में जोर पकड़ना शुरू कर दिया। 1980-1984 के बीच पंजाब में हिंसा की घटनाओं में भारी उछाल आया। 1983 में भिंडरावाला ने स्वर्ण मंदिर को अपना ठिकाना बना लिया। तब भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' को अंजाम दिया और उसके बाद पंजाब में मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की अगुवाई में पूरे आंदोलन को लगभग खत्म कर दिया गया। 1990 के दशक में भारत में तो यह खत्म हो गया, लेकिन कनाडा में जीवित रहा। इसके चलते रह रहकर भारत और कनाडा सरकार के बीच तनाव भी होता रहा। अब एक बार फिर इस आंदोलन को अंदर ही अंदर सुलगाने की कोशिशें हो रही है। अब नया मामला इटली में सामने आया है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले खालिस्तान समर्थकों ने महात्मा गांधी की मूर्ति को तोड़ दिया और उसके नीचे हरदीप सिंह निज्जर का नाम भी लिख दिया। निज्जर की बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। इटली में 13 से 15 जून तक जी7 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। पीएम मोदी जी7 बैठक में शामिल होने के लिए आज रवाना होंगे। पीएम मोदी, इटली पीएम जियोर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के अलावा कई अन्य बड़े नेता मौजूद रहेंगे। ऐसे मौके पर खालिस्तान समर्थकों का मूर्ति को तोड़ देना कायरता के अलावा कुछ भी नहीं। इससे पहले आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारतीय दूतावासों, प्रवासियों और मंदिरों पर घृणा से प्रेरित हमलों और अपराधों का सिलसिला साफ दर्शाता है कि एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम का लक्ष्य पंजाब में अलगाववादी ताकतों को पुनर्जीवित करना है। पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग लगाने की चेष्टा हो रही है। समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है, जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़ा विदेशी षड्यंत्र का है। इसे समय रहते ही कुचलना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो न केवल एक बार फिर पंजाब में कानून एवं व्यवस्था का प्रश्न खड़ा होगा बल्कि देश की एकता व अखंडता पर भी आंच आएगी। पश्चिमी देशों में रचे जा रहे इस भारत विरोधी प्रपंच से सख्ती से निपटा जाना समय की मांग भी है। हमें ऐसे देशों से दो टूक बात करने होगी जो हमारे दुश्मनों के सहायक बने हुए हैं। इन्हें बताना होगा कि ऐसे तत्वों को शरण देना बंद नहीं किया तो भारत क्या कर सकता है। आज हम दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। अगर ऐसे देशद्रोहियों न कुचला तो विकसित भारत का संकल्प अधूरा रह जाएगा।

## विडंबना
शिशिर शुक्ला



# कब रुकेगी परीक्षाओं में धांधली

हाल ही में आयोजित हुई नीट परीक्षा विवादों के घेरे में है। देश के 571 शहरों के 4750 परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी का आयोजन विगत 5 मई को किया गया था। परीक्षा का परिणाम 4 जून को घोषित किया गया। परिणाम आने के बाद परीक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए यह तर्क दिया गया कि परिणाम में 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720 में से पूरे पूरे 720 अंक प्राप्त हुए हैं। खास बात तो यह है कि इसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यर्थी शामिल हैं। एनटीए के द्वारा परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता का खंडन करते हुए कहा गया है कि परीक्षा केंद्रों में समय जाया होने के कारण हुई परीक्षा में देरी के कारण 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स दिए जाने के कारण अप्रत्याशित परिणाम आया है। एनटीए का यह भी कहना है कि



परीक्षार्थियों को कृपांक परीक्षा के नियमों के अनुसार ही दिया गया है। सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्न पत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्न पत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए। क्यों परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं पुख्ता नहीं थीं। यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर कर दी जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिह्नों के घेरे में खड़ा कर देता है। महज प्रश्न पत्र गलत वितरित हो जाने की वजह से हुई परीक्षा में देरी के आधार पर परीक्षार्थियों को कृपांक दे दिया जाना अनुचित है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नकारात्मक प्रभाव उन अभ्यर्थियों पर पड़ रहा है जो कि इस दायरे से बाहर थे। इस बात की क्या गारंटी है कि समय कम मिलने की वजह से उन 1563 अभ्यर्थियों के जो प्रश्न छूट गए थे, पूरा समय मिल जाने पर वे उन प्रश्नों को बिल्कुल ठीक-ठीक हल कर लेते। क्या इन स्थितियों के लिए पूर्णतया परीक्षा केंद्र उत्तरदायी नहीं हैं। आखिरकार ऐसे केंद्रों के हवाले परीक्षा कर देने से पहले किस स्तर पर आकलन एवं परीक्षण किया गया था। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती है, उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निर्यात बढ़ाने की चुनौती



नई सरकार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार का ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।**

यकीनन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार के सामने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में घटते व्यापार के बीच भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में नई सरकार के द्वारा पड़ोसी देशों सहित दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देनी होंगी। वस्तुतः इस समय वैश्विक सुस्ती के बीच दुनिया में केवल उन देशों के विदेश व्यापार का ग्राफ बढ़ रहा है, जहां मजबूत सरकारों ने विदेश व्यापार की चुनौतियों के बीच अपने देश के अनुकूल विदेश व्यापार बढ़ाने के रणनीतिक कदम उठाए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे देशों की तरह लगातार रणनीतिक प्रयास करते रहने होंगे।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई सरकार ने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंधों और बेहतर व्यापार की नई संभावनाओं का पहला कदम 9 जून को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के शीर्ष सात नेताओं को ससम्मान शामिल करके आगे बढ़ा दिया है। इन देशों में बांग्लादेश, श्रीलंका,नेपाल, मालदीव, सेशेल्स,भूटान तथा मॉरीशस शामिल हैं। निःसंदेह पिछले एक दशक में भारत ने पड़ोसी देशों के साथ कारोबार बढ़ाने के लिए पड़ोसी प्रथम नीति (नेबरहुड फर्स्ट), दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों (आसियान) के साथ एक्ट ईस्ट नीति और प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करने की रणनीति सहित नई विदेश व्यापार नीति 2023 लागू की है। जिसके बेहतर परिणाम मिले हैं।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार को विदेश व्यापार की इन विभिन्न रणनीतियों को बदलते हुए वैश्विक व्यापार के नए दौर के अनुरूप सुधारों के साथ आगे बढ़ाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत के विदेश व्यापार में लगातार वृद्धि के साथ निर्यात की ऊंचाइयां भी बढ़ती गई है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। जहां पिछले वित्त वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था। ऐसे में पिछले वित्त वर्ष में आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश की प्रभावी सरकार के दम पर ही पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भी भारत ने रूस से डिस्काउंट पर कच्चे तेल का आयात करना जारी रखा और कच्चे तेल की रणनीतिक खरीदी से भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 5 अरब डॉलर और 2023-24 में करीब 8 अरब डॉलर की बड़ी बचत की। अब नई गठबंधन सरकार को इस बात पर ध्यान देना होगा कि विदेश व्यापार मोर्चे पर पिछले कई वर्षों से डब्ल्यूटीओ द्वारा प्रभावी भूमिका नहीं निभाए जाने से अपने विदेश व्यापार को बढ़ाने के कई अन्य कदम तेजी से आगे बढ़ाए जाने होंगे। गौरतलब है कि डब्ल्यूटीओ की स्थापना 1 जनवरी, 1995 को की गई थी। इसे दूसरे विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद एक परिवर्तनकारी वैश्विक आर्थिक-



व्यापार सुधार कहा गया था। वस्तुतः डब्ल्यूटीओ क तहत जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ्स ऐंड ट्रेड (जीएटीटी) का विस्तार करते हुए सेवाओं और बौद्धिक संपदा को व्यापार में शामिल कर दिया गया था। गरीब और विकासशील देशों को यह विश्वास बना था कि उन्हें डब्ल्यूटीओ की छतरी के नीचे विकास के अच्छे मौके मिलेंगे, लेकिन बहुपक्षीय समझौतों पर प्रगति नहीं होने से डब्ल्यूटीओ के देशों में लगातार हताशा बढ़ी है और वैश्विक व्यापार में धीमापन आने लगा है। ऐसे में भारत के लिए विदेश व्यापार बढ़ाने के प्रयासों को तेजी से बढ़ाना जरूरी है।

यद्यपि पाकिस्तान के रवैये ने दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (साफ्टा) को दक्षिण एशिया में आंतरिक क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने से रोक दिया है, मगर भारत ने द्विपक्षीय व्यापार संधियों और समझौतों से छोटी अर्थव्यवस्थाओं के साथ विदेश व्यापार और निर्यात रणनीति को सकारात्मक विकल्प दिए हैं। इसके अलावा भारत ने अपनी तरफ से दक्षिण एशिया सहित सबसे कम विकसित देशों को एकतरफा शुल्क मुक्त एवं शुल्क तरजीह योजना की पेशकश की है। भारत-आसियान व्यापार भी बढ़कर वर्ष 2022-23 में 131.58 अरब डॉलर हो गया है। ऐसे में अब नई गठबंधन सरकार को आसियान देशों में निर्यात की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर 15 नवंबर, 2020 को अस्तित्व में आये दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौतें रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसेप) में भारत ने अपने आर्थिक व कारोबारी हितों के मद्देनजर शामिल होना उचित नहीं समझा वहीं आरसेप से दूरी के बाद भारत एफटीए की डगर पर आगे बढ़ने की नई सोच के साथ आगे बढ़ा है। इस समय भारत विदेश व्यापार नीति को नया मोड़ देते हुए दुनिया के प्रमुख देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत ने अब तक तीन एफटीए किए हैं। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच मई 2022 में लागू द्विपक्षीय कारोबार में पिछले दो वर्षों में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

अब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कई विकसित और विकासशील देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की नई संभावनाएं उभर कर दिखाई दे रही हैं। दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और मजबूत सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है। ये सारी बातें भारत के लिए नए एफटीए की नई संभावनाओं की बड़ी आधार हैं। निश्चित रूप से 2024 में जब वैश्विक व्यापार में आर्थिक निराशाओं का दौर बढ़ रहा है, तब भारत को प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में अपने रिकॉर्ड विदेश व्यापार और रिकॉर्ड निर्यात का स्तर बनाए रखने के लिए कुछ और रणनीतिक कदम उठाने होंगे। भारत के लिए पड़ोसी देशों, आसियान देशों के साथ विदेश व्यापार बढ़ाने के साथ निर्यात पक्ष को पूरी तरह ध्यान से रखते हुए मुक्त व्यापार समझौतों पर अधिक यकीन करना होगा। भारत के द्वारा ओमान, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ना होगा। नई गठबंधन सरकार के द्वारा निर्यात की बढ़ती हुई वैश्विक संभावनाओं को मुट्ठी में लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा। नई सरकार चाहिए कि पिछले वर्ष जी-20 में जिस 55 देशों वाले अफ्रीकी संगठन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाई जाने में भारत के द्वारा अहम भूमिका निभाई गई है, उन देशों में निर्यात बढ़ाने होंगे।

हम उम्मीद करें कि नई गठबंधन सरकार रणनीतिक प्रयासों से वैश्विक व्यापार और निर्यात चुनौतियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से देश को बचाते हुए वर्ष 2030 तक 2 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हमें सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुःख नहीं आएंगे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बाल श्रम का कलंक कैसे मिटेगा?

12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाएगा। बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से बचाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कोई भी गरीब माता-पिता नहीं चाहता होगा कि उनके बच्चे छोटी उम्र में दिहाड़ी मजदूरी करें, लेकिन मजबूरी मजदूरी करवाने के लिए विवश कर देती है। जिनके बाप गलत आदतों के शिकार हैं, वे अपने छोटे-छोटे बच्चों को मजदूरी करने के लिए मजबूर भी करते होंगे। बहुत ही अफसोस और शर्मनाक है कि आज आजाद भारत में छोटे छोटे बाल गरीबी के कारण मजदूरी करने को विवश हैं। आज भारत की बच्चों के कुपोषण के मामले में स्थिति कोई खास अच्छी नहीं है। गरीब लोग भी अपने बच्चों के भविष्य के लिए सुनहरी सपने देखते हैं, लेकिन गरीबी के कारण कुछ लोगों के सपने चकनाचूर हो जाते हैं।

*- मोहित पाठक, रायगढ़*

## ट्रेंड

### बाल श्रम के खात्मे को प्रतिबद्ध



विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर, आइए बाल श्रम को समाप्त करने और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें जहां हर बच्चा अपने बचपन का आनंद ले सके। हम बाल श्रम को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### तत्काल आवश्यकता



भले ही आज हम बालश्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाते हैं, लेकिन जो बात परेशान करती है वह यह है कि हमने बच्चों को विफल कर दिया है। उचित धन, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और कानून प्रवर्तन उपायों की तत्काल आवश्यकता है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता

### मेरे भगवान गरीब लोग



भारत के लोगों ने कहा है-प्यार ने नफरत को हरा दिया है। मोदी जी के पास अजीब "परमात्मा" है जो उन्हें अडानी-अंबानी के पक्ष में निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन करता है। मैं एक 'जैविक' इंसान हूं। मेरे भगवान भारत के गरीब लोग हैं। मैं वही करता हूं जो आप मुझे कहते हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा



इस देश के करोड़ों मां बाप दिन रात मेहनत करके अपने बच्चों को पढ़ाते है, बच्चे पूरी मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं, मगर देश की सरकार इनका दर्द समझने को तैयार नहीं है। पेपर लीक के कारण करोड़ों बच्चों का जीवन बर्बाद हो रहा है।

-संजय सिंह, आप सांसद

## करंट अफेयर

# नोबल विजेता यूनुस व अन्य पर गबन के आरोप तय



बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को 'परेशान' कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी 'ग्रामीण टेलीकॉम' पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर 'ग्रामीण टेलीकॉम' के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। 'ग्रामीण टेलीकॉम' देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी 'ग्रामीणफोन' की 34 .2 प्रतिशत हिस्सेदार है।

## ऑफ बीट

# हरियाली देखने भर से ठीक होता है मानसिक स्वास्थ्य



यह तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि प्रकृति में समय बिताने से हमारे मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली को फायदा हो सकता है। लेकिन मेरे सहकर्मियों और मेरे द्वारा किए गए एक नए अध्ययन से पता चलता है कि यह लाभ हासिल करने के लिए आपको वास्तव में प्रकृति में रहने की ज़रूरत नहीं है। किसी शहर के मध्य में भी, केवल प्राकृतिक तत्वों की ओर अपना ध्यान केंद्रित करने से भी खुशहाली बढ़ सकती है। शहरी जीवन, अपनी तेज़ गति और तनाव के उच्च स्तर के साथ, चिंता और अवसाद सहित कई मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। प्रतिभागियों को बेतरतीब ढंग से तीन समूहों में बांटा गया : एक जो पेड़ों (हरा समूह) जैसे प्राकृतिक तत्वों पर केंद्रित था, एक जो इमारतों (ग्रे समूह) जैसे मानव निर्मित तत्वों पर केंद्रित था और तीसरा समूह जो दोनों के मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करता था । शहर और परिसर में 45 मिनट की गाइडेड वॉक के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने विशेष आई-ट्रैकिंग चश्मा पहना था। मार्ग में समूह के आधार पर प्राकृतिक या मानव निर्मित तत्वों पर जोर देने के लिए डिज़ाइन किए गए दस निर्दिष्ट ठहराव शामिल थे।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एनएसजी का हब बनेगा अयोध्या

# विशेष हथियार और एंटी ड्रोन तकनीक से लैस होगी यूनिट, राम मंदिर के पास होगा बेस



- अयोध्या में अभी यूपीएसटीएफ और एटीएस की यूनिट के पास सुरक्षा की जिम्मेदारी
- मंदिर पर आतंकी हमले को लेकर धमकियां मिल चुकी, ऐसे में मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने एनएसजी की यूनिट शुरू करने का फैसला लिया

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में अब नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) का हब बनेगा। एनएसजी का यह देश में छठवां हब होगा। अभी चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई और अहमदाबाद में एनएसजी के रीजनल हब हैं। गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या के अलावा पठानकोट और केरल में भी एनएसजीकी यूनिट शुरू होंगी। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही यह कई आतंकी संगठनों के रडार पर है। अयोध्या में एनएसजी यूनिट विशेष हथियार (स्पेशलाइज्ड वेपन) और एंटी ड्रोन तकनीक से लैस होगी। अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में एनएसजीकी यूनिट कुछ ही महीने में ऑपरेशनल हो जाएगी। वहीं पठानकोट और केरल में इस साल के अंत तक यूनिट शुरू होंगी। एनएसजी की यूनिट शुरू होने से स्थानीय पुलिस और सीएपीएफ यूनिट्स को मदद मिलेगी। किसी भी हमले की स्थिति में एनएसजी तुरंत जवाबी एक्शन शुरू कर सकेगा। अधिकारी ने बताया कि अयोध्या में एनएसजी की यूनिट शुरू करने के फैसले के पहले कई दौर की बैठकें की गईं। अधिकारी ने बताया कि एनएसजी की यूनिट शुरू करने के लिए तय किए गए तीनों स्थानों का चयन यहां खतरे की आशंका और आसपास के संवेदनशील जगहों से उनकी भौगोलिक निकटता के आधार पर किया गया है।

### रोज डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुंच रहे राम मंदिर

22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद से हर दिन करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर पर आतंकी हमले को लेकर धमकियां मिलती रहती हैं। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने एनएसजी की यूनिट शुरू करने का फैसला लिया है।



### अभी एसएसएफ के हाथों में सुरक्षा

श्रीराम जन्मभूमि परिसर और मंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसएफ के हाथों है। मंदिर की सुरक्षा में 200 जवान तैनात हैं। उत्तरप्रदेश सरकार ने हाल ही में पीएसी और पुलिस के जवानों को मिलाकर एसएसएफ गठन किया है। अभी यही दल मंदिर की सुरक्षा कर रहे हैं।

### दो बार बम से उड़ाने की मिल चुकी धमकी

14 दिन पहले राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली थी। पहले एक आईडी से इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई। फिर 112 पर कॉल आई। राम मंदिर को उड़ाने की धमकी मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। साइबर एक्सपर्ट और सर्विलांस टीम को तुरंत एक्टिव किया। दहशत न फैले इसलिए पुलिस ने अंदरखाने जांच की। जांच में धमकी देने वाले की लोकेशन कुशीनगर की निकली। पुलिस ने धमकी देने वाले पटहेरवा थाना के बलुआ तकिया क्षेत्र के रहने वाले एक 16 साल के किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुआती जांच में पता चला कि नाबालिग मानसिक तौर पर स्वस्थ नहीं है। 9 महीने पहले राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी बरेली से दी गई। बरेली से लखनऊ कंट्रोल रूम में 112 नंबर पर कॉल कर यह धमकी दी गई। पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर बरेली के 8वीं के छात्र को हिरासत में लिया। उसकी उम्र 14 साल थी। जांच में सामने आया है कि छात्र ने यू-ट्यूब पर वीडियो देखकर मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी।

## खबर संक्षेप

### मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट को उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** यहां के गवर्नमेंट मेडिकल रिसर्च अस्पताल सेक्टर-32 के मेंटल हेल्थ इंस्टीट्यूट और एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही अस्पताल के प्रशासनिक व सिक्योरिटी अधिकारियों में हड़कंप मच गया। चंडीगढ़ पुलिस, बम स्क्वायड, क्राइम ब्रांच सहित अन्य कई जांच टीमें अस्पताल में पहुंच गई है।



### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वे कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं।वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। फैजाबाद से सांसद चुने गए अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया।



# प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर चुप्पी क्यों साध रखी है : कांग्रेस

## तीन दिन में तीन आंतकी घटनाओं पर विपक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की 'नया कश्मीर' नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''देश जवाब मांग रहा है - आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते?'

### पीएम के झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, ''पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं - नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है। खेड़ा ने आरोप लगाया, ''यह तथ्य कि भाजपा ने कश्मीर घाटी में चुनाव लड़ने की भी जहमत नहीं उठाई, इस बात का प्रमाण है कि उनकी नया कश्मीर नीति पूरी तरह विफल रही है।'' उन्होंने सवाल किया, ''क्या यह सच नहीं है कि पिछले 2 वर्षों में पीर पंजाल रेंज - राजौरी और पुंछ, अब सीमा पार आतंकवाद का गढ़ बन गया है और पिछले दो वर्षों में इन इलाकों में हुए आतंकी हमलों में 35 से ज़्यादा जवान शहीद हो चुके हैं?'' खेड़ा ने यह भी पूछा, ''क्या यह सच नहीं है कि मोदी सरकार ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है क्योंकि जम्मू-कश्मीर में 2,262 आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें 363 नागरिक मारे गए और 596 जवान शहीद हुए हैं?'' उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्र के साथ एकजुट है।



- जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के दावों की पोल खुल गई

राहुल गांधी ने वायनाड में बोला हमला

## केंद्र की राजग सरकार 'पंगु', विपक्ष ने भाजपा को करारा झटका दिया

**मलप्पुरम/वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राजग सरकार 'पंगु' है और विपक्ष ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भगवा दल को करारा झटका दिया है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि देश की जनता ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट संदेश दिया है और इसलिए प्रधानमंत्री को अब अपना रवैया बदलना होगा। कांग्रेस नेता ने राज्य के वायनाड जिले के कलपेट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ₹सच्चाई यह है कि आज केंद्र में एक पंगु सरकार है। 'इंडिया' गठबंधन ने उसे इतनी बुरी तरह से हराया है कि वह ठीक से नहीं चल सकती। निश्चित रूप से यह ऐसी सरकार नहीं है जो देश का नेतृत्व करने में सक्षम हो। वायनाड लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भारी अंतर से जीतने के बाद यह राज्य का उनका पहला दौरा है।

### भारत के लोगों ने उन्हें बताया कि संविधान हमारी आवाज है, संविधान को नहीं छुएं

राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने (प्रधानमंत्री और शाह) सोचा कि उनके पास राजनीतिक शक्ति है, उनके पास ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग है, इसलिए वे लोगों से अपनी बात मनवा सकता हैं। केरल, उत्तर प्रदेश और अन्य सभी राज्यों के लोगों ने प्रधानमंत्री को दिखा दिया...भारत के लोगों ने उन्हें बताया कि संविधान हमारी आवाज है। संविधान को नहीं छुएं। राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में हार से बाल-बाल बचे और अयोध्या में भाजपा हार गई। उन्होंने कहा, अयोध्या के लोगों ने भी भाजपा को संदेश दिया कि हम नफरत और हिंसा को पसंद नहीं करते। बाद में, कलपेट्टा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया, ईडी, सीबीआई और पूरा केंद्रीय प्रशासन 'इंडिया' गठबंधन के खिलाफ था।



### जोशीमठ का नया नाम ज्योतिर्मठ होगा

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के चमोली जिले की जोशीमठ तहसील को अब उसके प्राचीन नाम ज्योतिर्मठ के रूप में जाना जाएगा जबकि नैनीताल जिले की कोश्याकुटोली तहसील का नया नाम अब श्री कैंचीधाम हो गया है । अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गयी घोषणाओं के अनुरूप इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को भेजे गए थे, जिन्हें अब उसकी मंजूरी मिल गयी है। जोशीमठ की स्थानीय जनता लंबे समय से जोशीमठ को ज्योतिर्मठ नाम दिए जाने की मांग कर रही थी और मुख्यमंत्री के सामने भी यह मांग प्रमुखता से उठाई गई थी जिसके मद्देनजर पिछले साल उन्होंने चमोली जिले में एक कार्यक्रम के दौरान नाम परिवर्तन की घोषणा की थी । मान्यता है कि आठवीं सदी में आदि गुरु शंकराचार्य इस क्षेत्र में आए थे और कल्पवृक्ष के नीचे तपस्या की थी जिससे उन्हें दिव्य ज्ञान की ज्योति की प्राप्ति हुई थी । दिव्य ज्ञान ज्योति और ज्योतेश्वर महादेव की वजह से इस स्थान को ज्योतिर्मठ कहा गया लेकिन बाद में यह जोशीमठ के नाम से प्रचलित हो गया। जोशीमठ को बदरीनाथ धाम का प्रवेशद्वार माना जाता है।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल**

अभियोग संख्या 19 दिनांक 30-01-2024 धारा 346 IPC थाना नांगल चौधरी

गुमशुदा की पहचान

नाम- प्रियंका
पिता का नाम- राजेन्द्र
पता- टीकौआ, जगदीशपुरा, उत्तरप्रदेश हाल आबाद गाँव भुंगारका, थाना नांगल चौधरी
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 5 इंच
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, कद 5 फुट 5 इंच



पहनावा - लाल रंग का सूट और लाल रंग की सलवार पहने हुए व सफेद चुन्नी ओढ़े हुए तथा पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 30-01-2024 को प्रियंका पुत्री राजेन्द्र निवासी टीकौआ, जगदीशपुरा, उत्तरप्रदेश हाल आबाद गाँव भुंगारका थाना नांगल चौधरी बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबंधक थाना नांगल चौधरी- 7056606014
2. पुलिस कंट्रोल रूम नारनौल - 01282-251288
3. अनुसंधानकर्ता थाना नांगल चौधरी- 7015221565

पीआरडीएच-1084/11/2416/2025/26652/88/6 दि. 12.06.24


नागपुर में महिला ने सनसनीखेज वारदात को दिया अंजाम

# 20 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए कराया ससुर का मर्डर, आरोपी को एक करोड़ का लालच दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के नागपुर में महिला ने ससुराल पक्ष की 20 करोड़ रुपए की संपत्ति हथियाने के लिए ससुर की हत्या करा दी। उसने इसके लिए 1 करोड़ की सुपारी दी थी। पुलिस ने हत्या की मास्टरमाइंड महिला, उसके भाई और उसके पीए को गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल 3 आरोपी अभी फरार हैं। इनकी तलाश की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 22 मई को नागपुर के अजनी इलाके में हिट एंड रन मामला हुआ था। तेज रफ्तार कार ने पुरुषोत्तम पुत्तेवार (72) को टक्कर मारी। हादसे में उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।अर्चना ने पुलिस को बताया कि हत्या के लिए ड्राइवर और उसके साथियों को 1 करोड़ और बार का लाइसेंस दिलाने का लालच दिया था। इसमें सामने आया था कि पुरुषोत्तम की हत्या उस वक्त की गई थी, जब वे अपनी पत्नी से मिलकर वापस आ रहे थे।



### बहू हथियाना चाहती थी प्रॉपर्टी

उनकी पत्नी शकुंतला का ऑपरेशन हुआ था, जिसके चलते वे अस्पताल में हैं। पुरुषोत्तम का बेटा मनीष डॉक्टर है। पूछताछ के दौरान बेटे मनीष की पत्नी अर्चना पुत्तेवार की भूमिका संदिग्ध नजर आई थी। नागपुर पुलिस कमिश्नर ने रविंद्र सिंघल ने बुधवार 12 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि मृतक ससुर का एक बंगला और कुछ जमीन थी, जिसकी कीमत 20 करोड़ के आसपास है। बहू अर्चना इसे ही हथियाना चाहती थी।

### साजिश में पति के ड्राइवर, भाई और पीए को शामिल किया

पुलिस ने अर्चना की जांच शुरू की। इसमें सामने आया कि अर्चना नागपुर में टाउन प्लानिंग डिपार्टमेंट में सहायक निदेशक है। वह गढ़चिरौली में भी पदस्थ रह चुकी है। ससुर पुरुषोत्तम की हत्या की साजिश में उसने अपने पति के ड्राइवर सार्थक बागड़े, भाई प्रशांत और पीए पायल को शामिल किया। अर्चना ने इनको हत्या के लिए 1 करोड़ का लालच दिया। ड्राइवर सार्थक ने प्लान में अपने दो साथियों नीरज निमजे और सचिन धार्मिक को शामिल किया। अर्चना ने जिन लोगों को सुपारी दी थी, उन्हें शुरुआत में 17 लाख रुपए और कुछ गोल्ड ज्वेलरी एडवांस में दी थी। बाकी पैसे काम होने पर देने की बात कही गई थी।

## अभिनेता दर्शन की गिरफ्तारी : हत्या मामले की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक में अभिनेता दर्शन थूगुदीप से जुड़े रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच के दौरान पुलिस को चौंकाने वाली जानकारी मिली है। पुलिस को पता चला है कि रेणुकास्वामी की कथित तौर पर बेल्ट से पिटाई की गई और फिर एक दीवार पर दे मारा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के सिलसिले में मंगलवार को प्रमुख कन्नड़ अभिनेता थूगुदीप, उनकी करीबी मित्र पवित्रा गौड़ा और 11 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया था। दर्शन (47) के प्रशंसक चित्रदुर्ग के जिला मुख्यालय शहर के निवासी रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री गौड़ा के सोशल मीडिया अकाउंट पर टिप्पणी कर उनपर अभिनेता व उनकी पत्नी के बीच दरार पैदा करने का आरोप लगाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया था और आपत्तिजनक संदेश पोस्ट किए थे। दर्शन, मुख्य आरोपी गौड़ा और अन्य आरोपियों को बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पटनागेरे ले जाया गया, जहां अपराध हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन गौड़ा की सोशल मीडिया पोस्ट पर रेणुकास्वामी (33) के टिप्पणी करने से क्रोधित हो गए थे। सूत्रों ने दावा किया, पवित्रा ने ही दर्शन को रेणुकास्वामी को दंडित करने के लिए उकसाया था।



- रेणुकास्वामी की कथित तौर पर बेल्ट से पिटाई की गई और फिर एक दीवार पर दे मारा गया, जिससे उसकी मौत हो गई

### पीड़ित का अपहरण कर बेंगलुरु लाया गया

सूत्रों ने कहा कि पीड़ित का अपहरण करके बेंगलुरु के कामाक्षीपाल्या इलाके में एक झोपड़ी में ले जाया गया। उन्होंने बताया, ₹दर्शन ने रेणुकास्वामी को बेल्ट से पीटा। जब वह बेहोश हो गया तो उसके साथियों ने उसे लाठियों से पीटा। इसके अलावा, उन्होंने उसे दीवार पर दे मारा, जो जानलेवा साबित हुआ।


**विज्ञापन सं. 6-2(9)/2023-स्थापना के संदर्भ में**
**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली**
**रिक्ति - परिपत्र**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है जो विदेश सेवा शर्तों के आधार पर प्रतिनियुक्ति पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 14 (1,44,200-2,18,200 रुपये) में वरिष्ठ वित्त सलाहकार के पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

2. इच्छुक एवं पात्र अधिकारी अपने संवर्ग के नियंत्रण प्राधिकारी के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन प्रस्तुत करें, उनका आवेदन दिनांक 30.06.2024 तक या उससे पहले सहायक महानिदेशक (प्रशा.), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली- 110029 को पहुँच जाने चाहिए। आवेदक अग्रिम प्रति भी भेज सकते हैं किंतु उन्हीं आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिनको संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।

3. वरिष्ठ वित्त सलाहकार (पे लेवल-14) के पद के विज्ञापन का विवरण और निर्धारित प्रारूप के लिए, पात्रता शर्तें, आयु, अन्य जानकारी एवं निबंधन आदि की जानकारी हेतु कृपया परिषद की वेबसाइट http://icmr.nic.in.>Career Opportunity देंखे।

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों और अपूर्ण आवेदनों तथा जो आवेदन उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होगें उनपर विचार नहीं किया जाएगा।

सहायक महानिदेशक (प्रशा.),
आईसीएमआर

CBC 17152/12/0005/2425


सरकार ने आमजन को दी राहत

# राशन कार्ड को आधार से लिंक करने की समय-सीमा को बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने राशनकार्ड होल्डर्स को राहत की खबर दी है। दरअसल, भारत सरकार ने आधार से राशन कार्ड लिंक करना अनिवार्य कर दिया है। राशन कार्ड होल्डर अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक नहीं करते हैं तो उन्हें राशन का लाभ नहीं मिलेगा। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2024 है। पहले इसकी समयसीमा 30 जून थी।




सरकार ने पहले भी कई बार इसकी डेडलाइन को बढ़ाया है। भारत सरकार ने वन नेशन-वन राशन ऐलान किया। सरकार ने सभा राशन कार्ड होल्डर को कहा था कि वह जल्द से जल्द अपने राशन कार्ड को आधार से लिंक करें। कई लोगों के पास एक से ज्यादा राशन कार्ड थे।

### पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को नोटिस जारी

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में नोटिस जारी कर जांच के लिए पेश होने को कहा है। पुलिस के अनुसार, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गैंगस्टर पुजारी ने अदालत में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए, हुई मारपीट

**बेलगावी (कर्नाटक) (भाषा)।** जेल में बंद गैंगस्टर जयेश पुजारी ने अदालत परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। यह घटना तब हुई जब गैंगस्टर को उसके खिलाफ लंबित एक मामले की सुनवाई के सिलसिले में अदालत में पेश होने के लिए लाया गया था। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नारे लगाने के बाद वहां एकत्र हुए लोगों और वकीलों ने कथित तौर पर उसके साथ धक्का मुक्की की। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹हमारे पास अभी इस बात का कोई निर्णायक जवाब नहीं है कि उसने यह नारे क्यों लगाए। हम इस मामले की जांच कर रहे हैं।₹ पुलिस ने बताया कि गैंगस्टर जयेश पुजारी के खिलाफ 2018 में दर्ज एक मामले के संबंध में बुधवार को उसकी सुनवाई होनी थी और इसलिए उसे हिंडालगा स्थित केंद्रीय कारागार से अदालत लाया गया, जहां वह बंद है।

# लोकसभा चुनाव में वायुसेना ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश के सुदूरवर्ती इलाकों में निर्वाचन आयोग की पहुंच बढ़ाने से लेकर हवाई मार्ग से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पहुंचाने तक भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने हाल में हुए आम चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वायुसेना के विमानों से 1,000 से अधिक घंटे की 1,750 उड़ानों का संचालन किया गया। भारतीय वायुसेना ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के संचालन में चुनावी मशीनरी को दी गई मदद के बारे में विवरण साझा किया। वायुसेना ने एक बयान में कहा, "आम चुनाव 2024 के दौरान, पिछले कुछ महीनों में मध्यम हेलीकॉप्टरों (एमआई-17 प्रकार), हल्के हेलीकॉप्टरों (चेतक) और स्वदेशी रूप से निर्मित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों (एएलएच ध्रुव) का पर्याप्त इस्तेमाल किया।" अधिकारियों ने बताया कि बल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को हवाई मार्ग से लाने और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के कर्मियों को चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहा है, जैसा कि पिछले आम या विधानसभा चुनावों के दौरान किया गया था। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनावों के दौरान भारतीय वायुसेना ने देश के दूरदराज के इलाकों में और उन स्थानों तक चुनाव आयोग की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां सड़क मार्ग से आवाजाही सुरक्षा को लेकर चिंताएं थीं। यह कार्य समयबद्ध था, क्योंकि मतदान अधिकारियों को चुनाव तिथि से दो दिन पहले प्रत्येक दूरस्थ मतदान केन्द्र पर तैनात होना था तथा मतदान के दिन उन्हें पदमुक्त करना था। वायुसेना ने कहा, "भारतीय वायुसेना ने आम चुनाव के सात चरण में से पांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा 1,000 घंटे से अधिक की 1,750 उड़ानों का संचालन किया।

**1,750 उड़ान का किया संचालन**


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर मिनियल कार्यों हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द, मुनीमपुर, झज्जर पर जुलाई माह 2024 से मार्च माह 2025 में संरक्षित संरचनाओं व खुले क्षेत्र में फूलों की खेती और हाईटेक नर्सरी में सब्जी व फूलों की पौध तैयार करने के लिए विभिन्न प्रकार के मेनियल कार्यों हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रित की जाती हैं। बोलीदाता कुटेशन जमा करवाने हेतु नियम व शर्तो और दस्तावेजों की जानकारी कार्यालय की ई-मेल (coemunimpur@gmail.com) पर सम्पर्क करके अथवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर प्राप्त कर सकता है। कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 24.06.2024 दोपहर 2 बजे तक है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे। कार्यों की संतुष्टि ना होने पर नियम अनुसार दूसरे कम दर मूल्य वाले ठेकेदार को कार्यों का ठेका दे दिया जाएगा। कार्यों की संतुष्टि होने पर सक्षम प्राधिकरी के अनुमोदान उपरान्त कार्यों को करवाने की समय अवधि में विस्तार किया जा सकता है।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द,
मुनीमपुर, झज्जर

पीआरडीएच-1149/11/615/2025/26657/88/6 दि. 12.06.24



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर फूलों की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला planting material
खरीदने हेतु मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर फूलों की खेती के लिए उच्च गुणवत्ता वाला planting material खरीदने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस खरीद हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

| Sr. No. | Crop | Type | Required flower colors | | Approx. Qty. required | Rate per planting material | Material Cost (including all Taxes) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rose | Cut flower | Red | | 8000 of each color | | |
| | | | Pink | | | | |
| 2 | Gerbera | Cut flower (crested type) Prepared from Tissue culture | Petals | Center | 3500 of each color | | |
| | | | Red | Green | | | |
| | | | Pink | Black | | | |
| | | | Golden Yellow Yellow | Black | | | |
| | | | White Pink | Black | | | |
| 3 | Gypsophilla | Dense inflorescence Ball-shaped Straight, strong & distinguished stems,low Demand of artificial light, Good vase life | White | | 6300 | | |
| 4 | Lillium | Asiatic | Orange & Yellow | | 12500 of each color | | |
| 5 | Lillium | Oriental | Pink & White | | 12500 of each color | | |
| 6 | Chrysanthemum | Perennial | Pink | | 2500 of each color | | |
| | | | White | | | | |
| | | | Yellow | | | | |
| | | | Red | | | | |

कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 24.06.2024 दोपहर 2 बजे तक है। नियम व शर्तों और दस्तावेजों की जानकारी के लिए बोलीदाता कार्यालय की ई-मेल (coemunimpura-gmail.com) पर सम्पर्क करके अथवा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर प्राप्त कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे। Planting material की गुणवत्ता की संतुष्टि ना होने पर नियम अनुसार दूसरे कम दर मूल्य वाले बोलीदाता से planting material खरीदा जाएगा।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/614/2025/26656/88/6 दि. 12.06.24




### घटना के संबंध में भारत ने इटली के समक्ष रखी अपनी बात

# खालिस्तानियों ने इटली में महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी, इसका प्रधानमंत्री मोदी करने वाले थे उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*इटली में खालिस्तान समर्थकों ने महात्मा गांधी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह घटना प्रधानमंत्री मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली जाने से कुछ दिन पहले हुई है।*

इटली में मंगलवार को महात्मा गांधी की एक मूर्ति को खालिस्तान समर्थकों ने तोड़ दिया है। प्रतिमा का उद्घाटन कुछ ही घंटों पहले किया गया था। आरोपियों ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर से जुड़े कुछ विवादित नारे भी लिखे हैं। यह घटना जी7 शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले हुई है जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। 50 वें जी7 समिट का शुभारंभ 14 जून से इटली में होना है।

पीएम मोदी इटली के अपुलिया में समिट में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के आमंत्रण पर यहां पहुंच रहे हैं। विदेश सचिव विनय लोहान क्वात्रा ने बताया है कि भारत ने इटली से इस संबंध में चिंता व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार कहा कि इस मामले में जरूरी कार्रवाई की गई है। यह पहली बार नहीं है जब इटली में इस तरह गांधी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। इससे पहले 2022 में इटली के मिलान में गांधी जी के स्मारक को खालिस्तानी समर्थकों ने तोड़ दिया था। खालिस्तानियों ने उस पर "खालिस्तान जिंदाबाद" जैसे नारे भी लिख दिए थे।



### खालिस्तान ने की अलग देश बनाने की मांग

खालिस्तान आंदोलन सिख समुदाय के लिए एक अलग देश के बनाने की मांग करता है। भारत में खालिस्तान आंदोलन का समर्थन करने वाले सिखों की संख्या कम है, लेकिन पश्चिमी देशों में बसे सिख भी आजादी का सपना देख रहे हैं। मार्च और जुलाई 2022 के बीच इटली में रहने वाले सिखों के बीच एक रेफ्रेंड्रम भी आयोजित किया गया था। यहां कथित तौर पर 62,000 सिखों ने आजाद खालिस्तान के लिए भारी बहुमत से मतदान किया था। ये आँकड़े एक सक्रिय सिख संगठन द्वारा जारी किए गए थे।

### सांसदों ने तोड़फोड़ घटना की कड़ी निंदा की

*अमेरिका के एक भारतवंशी सांसद ने कैलिफोर्निया में महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़े जाने के मामले की जांच संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से कराने की मांग की है। वहीं, कुछ अन्य सांसदों ने तोड़फोड़ की इस घटना की कड़ी निंदा की है। उत्तरी कैलिफोर्निया के डेविस शहर में सेंट्रल पार्क में गांधी की कांस्य प्रतिमा को पिछले सप्ताह अज्ञात लोगों ने तोड़ दिया था।*

### सांसद कृष्णमूर्ति ने निंदा की

सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'मैं इस दुर्भावनापूर्ण कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं और एफबीआई से इसकी जांच नफरत फैलाने वाले अपराध के तौर पर करने की मांग करता हूं, इस अपराध का मकसद भारतवंशी लोगों को डराना-धमकाना है।' 'शांति और अहिंसा के पुजारी तथा न्याय के लिए अमेरिका समेत दुनिया में अनगिनत अहिंसक संघर्षों को बल देने वाले गांधी की प्रतिमा से तोड़फोड़, एक दुखद घटना है।'

### ब्रिटेन में नाराज हैं 10 लाख हिंदू

ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव होने हैं। इससे पहले ब्रिटेन के हिंदुओं ने भावी सरकार के लिए अपनी मांगों को लेकर मैनिफेस्टो (घोषणापत्र) जारी किया है। यह पहला मौका है जब ब्रिटेन के हिंदुओं ने 32 पेज के डाक्यूमेंट के जरिये अपनी अपेक्षाओं को बताया है। ये उन सभी दलों के राजनेताओं के लिए है जो उनका वोट पाना चाहते हैं। मैनिफेस्टो का मसौदा सामूहिक रूप से 'हिंदू फॉर डेमोक्रेसी' द्वारा जारी किया गया है।

# जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के पीछे पाक की नापाक साजिश

## सतर्क भारतीय सुरक्षाबल जल्द देंगे मुंहतोड़ जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जम्मू क्षेत्र में लगातार बढ़ते आतंकवादी हमलों की शुरुवाती जमीनी स्तर की जारी पड़ताल के बाद ये प्रमाण मिलता है कि इन घटनाओं के पीछे भारत के पड़ोसी शत्रु पाकिस्तान की नापाक साजिश का हाथ है। जिसके जरिए वो अपनी दयनीय हो चुकी आंतरिक स्थिति पर पर्दा डालते हुए वैश्विक समुदाय का ध्यान पुनः जम्मू-कश्मीर के मुद्दे की ओर लगाने की कोशिश में जुटा हुआ है। फिलहाल अभी तक बीते करीब सप्ताहभर के अंदर जम्मू के रियासी, डोडा और कठुआ में हुई आतंकवादी हमलों की तीन घटनाओं में शामिल रहे आतंकियों की धरपकड़ के लिए सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान युद्धस्तर पर जारी है। हमलों में शामिल आतंकी विदेशी हैं। लेकिन उन्हें जल्द पकड़कर ढेर किया जाएगा। यह जानकारी जम्मू क्षेत्र में हुए आतंकी हमलों की घटना के बाद रक्षा सूत्रों ने दी। उन्होंने कहा कि इन हमलों में विदेशी आतंकियों का हाथ दिखाई पड़ रहा है। जिनका संबंध पाकिस्तान समर्थित लश्करे तैयबा और जैशे मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के छद्म रूप से नाम बदलकर इलाके में सक्रिय आतंकी संगठनों से है। इससे स्पष्ट है कि इन हमलों में जम्मू-कश्मीर में सक्रिय स्थानीय आतंकवादी गुटों में से किसी का हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू का इलाका भारत- पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा हुआ है और उसके पार पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी लांच पैड में वर्तमान में करीब बीस से तीस आतंकवादी भारत में घुसपैठ करने के लिए तैयार हैं। आतंकी हमलों के पीछे पाक की मंशा आम लोगों के मन में दहशत फैलाने की है। साथ ही वो वैश्विक समुदाय को ये दिखाने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू कश्मीर में हालात ठीक नहीं हैं और अशांति बरकरार है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि आतंकी हमलों की बात करें तो वर्ष 2005 से 2019 तक जम्मू क्षेत्र का यह इलाका शांत बना हुआ था।

### जम्मू-कश्मीर में 60 घंटे में 3 आतंकी हमले

**हमला 1 — 9 जून : शाम सवा 6 बजेः रियासी**

*पुलिस ने संदिग्ध आतंकी का स्केच जारी किया। 20 लाख रुपए का इनाम रखा। 200 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सर्च ऑपरेशन जारी।*

**हमला 2 — 11 जून : रात 8 बजे : कठुआ**

*हीरानगर के सैदा सोहल गांव में दो आतंकियों ने घरों का दरवाजा खटखटाकर पानी मांगा। ग्रामीणों को शक हुआ तो दरवाजे बंद कर शोर मचाया। आतंकियों ने फायरिंग की। एक ग्रामीण घायल हुआ। डीआईजी और एसएसपी पहुंचे तो एक आतंकी ने उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। ग्रेनेड फेंकने के दौरान वह मारा गया।*

**हमला 3 — 11 जून : रात 1 बजे : डोडा**

*डोडा में आतंकियों ने भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/जैश) ने ली है।*

# गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव को यूएन की मंजूरीः बंधकों की रिहाई के बदले फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में आठ महीने से जारी युद्ध के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। हमास ने मंगलवार को कहा कि वह यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार है। गाजा में आठ महीने से जारी युद्ध के रुकने के आसार बढ़ गए हैं।

### 3 चरणों में होगा अमल

*चरण-01ः 6 हफ्ते चलेगा गाजा की आधी आबादी वाले इलाकों से इजराइली सेना लौटेगी।*

*चरण-2ः हमास को सैनिकों समेत इजराइल के सभी बंधकों की रिहाई करनी होगी।*

*चरण-3ः मर चुके बंधकों के शव लौटाएं जाएंगे। गाजा में टूटी इमारतों के मलबे को साफ किया जाएगा। गाजा को फिर से बनाने का 3 से 5 साल का प्लान शुरू होगा।*

# यमन के नाव डूबी, 49 की मौत,140 लोग लापता

**सना।** यमन में अदन तट के पास शरणार्थियों से भरी एक नाव पलट गई, जिसमें सवार 49 लोगों की मौत हो गई और 140 से ज्यादा लोग लापता हो गए। जानकारी के अनुसार नाव में 260 लोग सवार थे, इनमें से सबसे ज्यादा लोग इथियोपिया और सोमालिया के थे। शरणार्थी ईस्ट अफ्रीका से यमन जा रहे थे। ये लोग ईस्ट अफ्रीका के सोमालिया से स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 3 बजे निकले थे, जो यमन से लगभग 600 किलोमीटर दूर है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसमें 71 लोगों को बचा लिया गया। इनमें से 8 लोगों की हालत गंभीर है।आईओएम ने 31 महिलाओं समेत 6 बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं। आईओएम के अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।



# यूक्रेन में तैनात होगी अमेरिका की एक और पैट्रियट मिसाइल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जिन दो देशों ने यूक्रेन में पैट्रियट भेजी हैं, उनमें जर्मनी और नीदरलैंड शामिल है। दोनों देश अब तक एक-एक मिसाइल भेज चुके हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज का कहना है कि जून के अंत तक दूसरा पैट्रियट वहां तैनत किया जाएगा। वहीं नीदरलैंड से दूसरे पैट्रियट के लिए बातचीत जारी है।

### रूस से रक्षा के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति ने किया था अनुरोध

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पिछले माह कीव गए थे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान, जेलेंस्की ने कहा था कि हमारे लिए अभी वास्तव में वायु रक्षा की जरूरत है। उन्होंने अमेरिका निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणाली का अनुरोध किया था।

### देश की सफलता और विफलता भी तय करेंगे चुनाव

# विक्रमसिंघे बोले- साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव अहम

एजेंसी ▶▶ कोलबो



राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि आगामी चुनाव के नतीजे सिर्फ मेरी निजी जीत या हार नहीं होंगे, बल्कि यह तय करेंगे कि देश सफल होगा या विफल। विक्रमसिंघे ने जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघ ने कहा कि इस साल के अंत में होने वाले चुनाव व्यक्तिगत जीत या हार के बजाय द्वीप राष्ट्र की सफलता और विफलता तय करेंगे। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंब से 16 अक्तूबर के बीच होंगे। विक्रमसिंघे ने नीति सुधार पर एक चर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव के नतीजे सिर्फ मेरी निजी जीत या हार नहीं होंगे, बल्कि यह तय करेंगे कि देश सफल होगा या विफल।

विक्रमसिंघे ने जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।

### बाढ़ राहत अभ्यास



गुवाहाटी। आईआईटी गुवाहाटी में बाढ़ राहत अभ्यास 'जल राहत' के दौरान भारतीय सेना के जवान।

### सीहोर के कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के बारे में की थी कथित विवादित टिप्पणी

वृंदावन के प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज ने 24 मिनट के वीडियो में जताया गुस्सा

# लाडली जू के बारे में 'गलत बातें' बोलने वाले को कोई भी नरक से नहीं बचा सकता

## राधारानी पर टिप्पणी को लेकर माफी मांगने की मांग की

**भोपाल(हरिभूमि न्यूज)।** सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की राधारानी पर विवादित टिप्पणी से उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा था कि राधारानी बरसाने की रहने वाली नहीं हैं। वह रावल गांव की रहने वाली थीं। इसके बाद संत प्रेमानंद महाराज जी भड़क गए हैं। प्रेमानंद महाराज ने एक 24 मिनट का वीडियो बनाकर प्रदीप मिश्रा को लताड़ लगाई है। साथ ही कहा है कि हम इष्ट पर सवाल उठाने वाले को नरक में जगह मिलेगी। उन्होंने प्रदीप मिश्रा से माफी की मांग की है। प्रेमानंद महाराज ने कहा है कि एक भागवत प्रवक्ता लाडली जू के बारे में बोल रहा है। उन्होंने पूछा कि कभी वे संतों के चरणों में बैठे हैं। लाडली जू के बारे में बिना जाने उन्हें बोलने का अधिकार नहीं है। उन्हें नरक से कोई नहीं बचा सकता है। यदि इस पाप से बचना है तो राधारानी के चरणों में आकर माफी मांगिए। बताओ आपने कितने ग्रंथों का अध्ययन किया है।

**लाडली जू पर सवाल उठाने वाले नहीं जानते वृंदावन की महिमा**



### ऐसे लोगों से भागवत कथा न सुनें

इसके साथ ही प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि लाडली जू और श्रीजी के बारे में ऐसी बातें सुनकर अंदर से बहुत गुस्से में हूं। ये लोग भगवताचार्य बनकर ऊटपंटाग बातें करते हैं। पहले भी एक ने ऐसी बात की थी, उनका क्या हुआ सभी को पता है। हमारा हृदय जल गया तो तुम न तो लोक में रहेगा और न परलोक में। प्रेमानंद महाराज कहते हैं कि ऐसे लोगों से भागवत कथा नहीं सुननी चाहिए। इससे नरक की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जिनकी वाणी से प्रभु की यश की बात सुनने को मिले, उन्हीं से कथा श्रवण करें। बिना जानें ब्रह्म तत्व के बारे में न बोले। भोली भाली किशोरी के बारे में ऐसी बात न करें।

### वो वीडियो 14 साल पुराना, जिसे 'अधूरा' ही सुना गयाः मिश्रा

**सीहोर।** इस मामले में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने एक वीडियो जारी करते हुए अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि जिस वीडियो की बात की जा रही है, वह 14 साल पुराना है, जिसे अधूरा ही सुना गया है, उन्होंने वीडियो में लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए विवादित वीडियो के कुछ प्रसंगों की सप्रमाण पुष्टि भी की। उन्होंने कहा कि हमने यह प्रसंग वाली कथा कमलापुर में 14 साल पहले की थी, उस कथा का पूरा वीडियो देखने पर सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने बताया की उस कथा में हमने राधा रानी और भगवान कृष्ण के विवाह, विवाह के साक्षी आदि सभी प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया है, संपूर्ण जानकारी के बिना अनर्गल बातें करना और निम्न स्तरीय बातें करना उचित नहीं है। वृंदावन के संत प्रेमानंद द्वारा ली गई आपत्ति और कहे गए कथनों के बाद पंडित मिश्रा के अनुयायी भी आक्रोशित नजर आ रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25